संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com

Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 19,अंक -146 बुधवार ,29 मार्च 2023,पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

# अतीक की सजा से संतुष्ट नहीं उमेश पाल की पत्नी

» **फांसी की मांग,अशरफ को बताया सजा का हकदार**

» **उमेश पाल अपहरण केस में अतीक समेत 3 आरोपियों को उम्रकैद**

» **इस मामले में अशरफ समेत 7 आरोपियों को कोर्ट ने किया बरी**

» **तीनों दोषियों ने कहा-सजा के खिलाफ जाएंगे हाईकोर्ट**

**प्रयागराज,28 मार्च 2023(ए)।** उमेश पाल अपहरण मामले में मुख्य अभियुक्त माफिया अतीक अहमद समेत 3 अभियुक्तों को एमपी-एमएलए कोर्ट के जज डॉ दिनेश चंद्र शुक्ल ने दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। जबकि 7 आरोपियों को कोर्ट ने बरी कर दिया है। उमेश पाल की 24 फरवरी को पहले प्रयागराज में हत्या हो गई थी। उमेश पाल के परिवार ने कोर्ट से माफिया अतीक के खिलाफ मृत्युदंड की मांग की है।

उमेश पाल और उनके सुरक्षा कर्मियों की पिछले महीने 24 फरवरी को प्रयागराज में बदमाशों ने गोली और बम मारकर हत्या कर दी थी। उमेश पाल विधायक राजू पाल की हत्या के मामले में गवाह थे। उनसे गवाही बदलवाने के लिए अतीक ने 17 साल पहले 28 फरवरी 2006 को अतीक और उसके गुर्गों ने उमेश पाल का अपहरण कर लिया था। उन्हें अपने दफ्तर ले जाकर टार्चर किया और फिर जबरदस्ती हलफनामा दिलवाकर गवाही बदलवा दी। आज उमेश के साथ अतीक के गुनाहों का पहला इंसाफ हो गया है। एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट ने अतीक समेत कुल 3 आरोपियों को इस मामले में दोषी करार दिया है।

मामले में अतीक का भाई अशरफ सहित कुल 11 आरोपी थे। इनमें से एक की मौत हो चुकी है। मामले में अशरफ समेत सात आरोपियों को बरी कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि फैसला सुनाए जाने के वक्त अतीक अपने भाई अशरफ से गले मिलकर रोने लगा। अतीक, पूर्व पार्षद दिनेश पासी और सौलत हनीफ खान एडवोकेट को दोषी करार दिया गया है। 10 में से तीन आरोपी कोर्ट में पेश नहीं हुए थे जिनके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया है।



उमेश पाल की पत्नी ने रोते हुए अतीक अहमद को मौत की सजा दिए जाने की उठाई मांग

फैसले के बाद कचहरी परिसर में वकीलों ने 'फांसी दो, फांसी दो' के नारे भी लगाए।

सजा पर बहस हो गई है। बताया जा रहा है कि दोषी करार दिए गए अतीक, दिनेश और सौलत को आज ही सजा भी सुनाई जाएगी। थोड़ी ही देर में सजा का ऐलान किया जा सकता है। सजा पर बहस के दौरान अतीक ने खुद अपना पक्ष रखा है।

अतीक अहमद और दिनेश पासी को 364-ए/34, 120 बी, 147, 323/149, 341, 342, 504 के तहत दोषी ठहराया गया है। जबकि सौलत हनीफ खान, जो अतीक के वकील हैं, उन्हें 506(2), 7सीआरएलए, 364 और 120 बी के तहत दोषी करार दिया गया है। इसमें सबसे बड़ी धारा 364-ए/34 अपहरण कर जान से मारने की धमकी की है, जिसमें फांसी अथवा आजीवन कारावास की सजा का प्रावधान है।

### उमेश पर ऐसे ढाया गया था जुल्म

दोषी करार दिए गए अतीक के जुल्मों की कहानी कितनी खौफनाक है इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि 2006 में जब उमेश पाल का अपहरण हुआ तो एक साल तक वह अतीक के खिलाफ केस ही दर्ज नहीं करा पाए। अतीक के खिलाफ केस दर्ज हुआ यूपी की सत्ता में बसपा के आने और सुश्री मायावती के मुख्यमंत्री बनने के बाद। उमेश ने 5 जुलाई 2007 को अतीक और उसके गुर्गों के खिलाफ केस दर्ज कराया। उमेश ने इन पर अपहरण कर अपने दफ्तर में ले जाने, बंधक बनाने, जबरन हलफनामा तैयार कराने और गवाही दिलाने का आरोप लगाया था।

पुलिस का मामना है कि अतीक ने उमेश को किडनैप करने के बाद अपने दफ्तर के टार्चर रूम में बंधक बनाया था। वहीं उमेश की बेरहमी से पिटाई की गई थी और जबरन उससे हलफनामा लिया गया कि राजू पाल हत्याकांड में वह मौके पर नहीं था। हलफनामे के साथ अतीक के करीबियों ने उमेश पाल को ले जाकर कोर्ट में पेश किया जहां उसने गवाही दी थी कि हलफनामा वह अपने होशोहवास में लगा रहा है। उमेश ने अतीक के डर से गवाही दे दी थी कि वह राजू पाल हत्याकांड के वक्त मौके पर नहीं था। इसके बाद उमेश को अतीक के गुर्गों ने छोड़ दिया।

### अतीक से मिल जाने की फैल गई थी चर्चा

कोर्ट में विधायक राजू पाल हत्याकांड में दी गई गवाही बदलने के बाद उमेश पाल के बारे में प्रयागराज में चर्चा फैल गई थी कि वह अतीक से मिल गए हैं। जबकि सच्चाई यह थी कि उमेश बुरी तरह डरे हुए थे। सूबे की सत्ता बदलने के बाद उनका यह डर कुछ कम हुआ तो उन्होंने अतीक के खिलाफ केस भी दर्ज कराया। अपहरण के एक साल बाद दर्ज हुई एफआईआर को लेकर लम्बी कानूनी लड़ाई चली। इस बीच राजू पाल मर्डर केस की भी कानूनी लड़ाई उमेश लड़ते रहे। इसी बीच 24 फरवरी को गाड़ी से उतरते वक्त बदमाशों ने उन पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर हत्या कर दी। उमेश के साथ उनके गनर की भी मौत हो गई थी। कुल 44 सेकेंड में अंजाम दिया गया।

# सबको दिखाने के लिए अडानी मामले को किया आगे

» **पैसा सारा पीएम मोदी का दिल्ली विधानसभा में बोले केजरीवाल**

**नई दिल्ली,28 मार्च 2023(ए)।** विधानसभा में भी मंगलवार को अडानी ग्रुप का मुद्दा उठा। इस दौरान मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पीएम मोदी और उनकी सरकार पर जमकर हमला किया। उन्होंने यहां तक कह दिया कि अडानी आगे दिख रहे हैं, लेकिन पीएम मोदी उनके इन्वेस्टर हैं। अगर हिंडनबर्ग की रिपोर्ट की जांच ईडी या सीबीआई से करवाई जाती है, तो मोदी जी डाउन होंगे, अडानी नहीं। उन्होंने यहां तक आरोप लगाया कि कांग्रेस जितना 70 साल में नहीं लूट पाई, मोदी सरकार ने 7 साल में लूट लिया।

वहीं कुछ वक्त पहले श्रीलंका में एक बड़ा प्रोजेक्ट अडानी ग्रुप को मिला, जिस पर केजरीवाल ने कहा कि पीएम मोदी ने अडानी समूह को 442 मिलियन डॉलर के पवन ऊर्जा प्रोजेक्ट देने के लिए श्रीलंका पर दबाव डाला। मोदी सरकार ने श्रीलंका को ये प्रोजेक्ट अडानी को देने के लिए मजबूर किया।



तकनीकी रूप से देखें तो ये परियोजना अडानी को नहीं, बल्कि पीएम मोदी को दी गई थी। जब राजपक्षे से श्रीलंका की संसद में इसके बारे में पूछा गया, तो उन्होंने भी ये कहा था कि दबाव में आकर इसे दिया गया है। इसके अलावा सीएम ने दावा किया कि बांग्लादेश के प्रोजेक्ट भी पीएम मोदी ने अडानी ग्रूप को दिलवाए और उनको 2800 करोड़ रुपये का कोयला मुफ्त में दिया जा रहा है।

उन्होंने आगे दावा किया कि दो साल पहले जब हवाईअड्डों का निजीकरण किया गया था, तो अंतिम समय में नीलामी की कुछ शर्तों को हटा दिया गया। इसके बाद 6 हवाईअड्डे अडानी ग्रुप को मिल गए। इसमें भी आप देखेंगे तो ये अडानी के पास नहीं बल्कि मोदी के पास है। आज हवाईअड्डों का 30 फीसदी कारोबार मोदी जी के पास है।

सदन से बाहर निकाले गए बीजेपी विधायक वहीं दूसरी ओर पीएम मोदी का नाम आते ही बीजेपी विधायकों ने हंगामा शुरू कर दिया। साथ ही उन्होंने स्पीकर से मांग की कि वो दिल्ली सरकार के भ्रष्टाचार पर चर्चा करवाएं। इसके अलावा उन्होंने सीएम के इस्तीफे की मांग को लेकर भी जमकर नारेबाजी की। जिस पर स्पीकर ने मार्शल बुलाए और बीजेपी विधायकों को सदन से बाहर करवा दिया।

# आम आदमी को मिली राहत

## एक बार फिर बढ़ी पैन को आधार से लिंक करने की तारीख

**नई दिल्ली,28 मार्च 2023(ए)।** आम आदमी के लिए राहत की खबर है। खबर यह है कि आधार कार्ड से पैन कार्ड लिंक करने की डेडलाइन बढ़ा दी गई है। अब पैन कार्ड को आधार कार्ड से लिंक करने की आखिरी तारीख 30 जून है। पहले अंतिम तिथि 31 मार्च थी। टैक्सपेयर्स 30 जून तक अब जुर्माना देकर अपना पैन कार्ड, आधार कार्ड से लिंक कर पाएंगे।

आयकर विभाग की रिपोर्ट के मुताबिक अभी तक 2 करोड़ पैन धारकों ने अपने पैन कार्ड को आधार से लिंक नहीं किया था। ऐसे पैन कार्ड धारकों को थोड़ी और राहत देते हुए सरकार ने पैन-आधार कार्ड लिंकिंग की अंतिम तारीख बढ़ाकर 30 जून कर दी है। इनकम टैक्स की धारा




1961 के मुताबिक पैन कार्ड धारकों को अपने पैन कार्ड को आधार से लिंक करना अनिवार्य है। ऐसा नहीं करने पर जुर्माने का प्रावधान है। पैन -आधार लिंकिंग के बिना आपके कई काम अटक सकते हैं। चंद मिनटों के भीतर आप आसानी से अपने पैन कार्ड को आधार से लिंक कर सकते हैं। इसके लिए ऑनलाइन ऑप्शन है, जहां कुछ स्टेप फॉलो कर आप आसानी से अपने पैन कार्ड को आधार से लिंक कर सकते हैं।

# मामला दिल्ली के आबकारी नीति घोटाला का

## ईडी ने सिसोदिया के पीए से की पूछताछ

**नई दिल्ली,28 मार्च 2023(ए)।** दिल्ली आबकारी नीति घोटाला मामले में एक ताजा घटनाक्रम में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) मंगलवार को दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के निजी सहायक (पीए) देवेंद्र शर्मा से पूछताछ कर रहा है। मनी लॉन्ड्रिंग रोधी एजेंसी द्वारा जांच में शामिल होने के लिए शर्मा को फिर से बुलाया गया था। वह जांच में शामिल हुए और ईडी के अधिकारी उनसे पूछताछ कर रहे हैं। पिछली बार पूछताछ के दौरान उनका सामना सिसोदिया से हुआ था। ईडी ने पहले अदालत को बताया था कि पूछताछ के दौरान पूर्व सचिव सी. अरविंद, आबकारी सचिव अरावा गोपी कृष्णा और संजय गोयल का एक साथ आमना-सामना कराया गया।ईडी ने अब तक मामले में दो चार्जशीट दायर की है।



# सरकारी बंगला खाली कराने के नोटिस पर राहुल गांधी का आया बयान



**नई दिल्ली,28 मार्च 2023(ए)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी की समस्या कम होने का नाम नहीं ले रही। संसद सदस्यता रद होने के बाद उन्हें अब अपना सरकारी बंगला खाली करना होगा। लोकसभा की हाउसिंग कमेटी ने नोटिस देकर उन्हें बांगला खाली कराने के आदेश दिया है। फिलहाल राहुल गांधी 12 तुगलक लेन वाले सरकारी बंगले में रह रहे हैं।

जानकारी के मुताबिक, कांग्रेस नेता को 22 अप्रैल तक अपना सरकारी आवास खाली करना होगा। मंगलवार को राहुल गांधी ने इस मामले पर अपनी पहली प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने बांगला खाली कराने के मामले में दी गई नोटिस का जवाब देते हुए कहा कि वह इस नोटिस का पालन करेंगे।

### नोटिस पर राहुल गांधी ने दी प्रतिक्रिया

लोकसभा सचिवालय को भेजे अपने संदेश में राहुल गांधी ने कहा,12 तुगलक लेन स्थित सरकारी बंगले को खाली कराने के संबंध में 27 मार्च, 2023 के मिले पत्र के लिए धन्यवाद। पिछले चार कार्यकाल से लोकसभा के निर्वाचित सदस्य के रूप में यहां बिताए अपने समय की सुखद यादों का एहसानमंद हूं। उन्होंने आगे कहा, मैं नोटिस के अनुसार जरूर इस बंगले को खाली करूंगा।

### स्मृति ईरानी ने भी इस मामले पर की टिप्पणी

एक संवाददाता सम्मेलन में राहुल गांधी को सरकारी बंगला खाली कराने के मामले पर जब स्मृति ईरानी से पूछा गया कि तो उन्होंने कहा, यह संपत्ति (सरकारी बंगला) उनकी नहीं है। बता दें कि गुजरात की एक स्थानीय अदालत ने 23 मार्च को एक आपराधिक मानहानि मामले में राहुल गांधी को दोषी ठहराया और उन्हें दो साल की जेल की सजा सुनाई।




# केंद्र ने नकली दवाएं बनाने वाली 18 कंपनियों पर कसा शिकंजा

» **निरीक्षण के बाद लाइसेंस किए रद्द**

**नई दिल्ली,28 मार्च 2023(ए)।** भारत सरकार ने देश की 18 फार्मा कंपनियों के लाइसेंस रद्द कर दिए हैं। सरकार द्वारा यह कार्रवाई नकली दवाएं बनाने के आरोपों के बाद की गई है। हाल ही में भारतीय औषधि महानियंत्रक ने 20 राज्यों की 76 कंपनियों का निरीक्षण किया था। जिसके बाद सरकार द्वारा लाइसेंस रद्द करने की यह कार्रवाई की गई है।

### नकली दवाएं बनाने वाले पर कार्रवाई

समाचार एजेंसी द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक, केंद्र सरकार देशभर में नकली दवाएं बनाने वाली फार्मा कंपनियों के खिलाफ बड़े स्तर पर कार्रवाई कर रही है। हाल ही में भारतीय औषधि महानियंत्रक ने 20 राज्यों की 76 दवा निर्माता कंपनियों का निरीक्षण किया था। जिसके बाद 18 कंपनियों में नकली दवाएं बनाए जाने की बात सामने आई थी। सरकार ने संबंधित कंपनियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उनके लाइसेंस रद्द कर दिए हैं।

### 18 कंपनियों के लाइसेंस रद्द

जानकारी के मुताबिक, एक विशेष अभियान के तहत भारतीय औषधि महानियंत्रक ने कुल 203 फार्मा कंपनियां की पहचान की है। इनमें से अधिकांश कंपनियां हिमाचल प्रदेश (70), उत्तराखंड (45) और मध्य प्रदेश (23) की हैं। हाल ही में भारतीय दवा निर्माता कंपनियों द्वारा निर्मित दवाओं की गुणवत्ता पर सवाल उठे हैं। फरवरी में, तमिलनाडु स्थित ग्लोबल फार्मा हेल्थकेयर कंपनी ने अपनी दवा की पूरी खेप को वापस बुला लिया था। इससे पहले, पिछले साल गाम्बिया और उज्बेकिस्तान में बच्चों की मौत से कथित तौर पर भारत निर्मित कफ सिरप का कनेक्शन सामने आया थ

# पीएम मोदी का भाजपा सांसदों को निर्देश

» **15 मई से 15 जून तक अपने संसदीय क्षेत्रों का दौरा जरूर करें**

**नई दिल्ली,28 मार्च 2023(ए)।** संसद से लेकर सड़क तक कांग्रेस और अन्य तमाम विरोधी दलों की तरफ से राजनीतिक हमलों का सामना कर रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाजपा संसदीय दल की बैठक में सभी सांसदों और नेताओं से कड़ी लड़ाई के लिए तैयार रहने का आह्वाहन किया है। सूत्रों के मुताबिक, मंगलवार को संसद भवन परिसर में हुई भाजपा संसदीय दल की बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भाजपा जितनी तेजी से आगे बढ़ती जाएगी, चुनावों में जैसे-जैसे और जितनी तेजी से जीत हासिल करती जाएगी, विपक्षी दलों की तरफ से भाजपा के ऊपर हमला उतना ही ज्यादा तेज होता जाएगा। इसलिए सभी को एक कड़ी लड़ाई के लिए तैयार रहना चाहिए।

प्रधानमंत्री के इस आह्वान को विपक्षी दलों की एकता की मुहिम के मद्देनजर आगामी चुनावों खासकर 2024 के लोक सभा चुनाव के मद्देनजर काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है।



सूत्रों के मुताबिक, बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी सांसदों को अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रियता बढ़ाने, सरकार की उपलब्धियों और योजनाओं की जानकारी को लोगों तक पहुंचाने के साथ ही गैर राजनीतिक कार्यों एवं अभियानों में भी बढ़-चढ़कर शामिल होने को कहा है।

प्रधानमंत्री मोदी के इस निर्देश को सांसदों के लिए एक चेतावनी के तौर पर भी बताया जा रहा है कि लोक सभा चुनाव के लिए तैयारी शुरू कर दीजिए अन्यथा चुनाव जीतने के लिए पार्टी को उनके विकल्प पर विचार करना पड़ सकता है।

सूत्रों के मुताबिक, प्रधानमंत्री मोदी ने सभी सांसदों को अगले 15 दिनों में अपना ब्लूप्रिंट उनके कार्यालय भेजने को कहा है कि वे 15 मई से 15 जून के एक महीने के दौरान केंद्र सरकार द्वारा 9 साल के कार्यकाल के दौरान चलाई गई योजनाओं का अपने-अपने क्षेत्र में किस तरह से प्रचार प्रसार करेंगे।

# ज्ञानवापी मामले में अखिलेश यादव और ओवैसी को नोटिस जारी

» **14 अप्रैल को होगी अगली सुनवाई**

**वाराणसी ,28 मार्च 2023(ए)।** ज्ञानवापी मामले में वाराणसी की अतिरिक्त जिला न्यायाधीश अनुराधा कुशवाहा की अदालत ने एक वकील हरि शंकर पांडे द्वारा दायर पुनरीक्षण याचिका में प्रतिवादियों को नोटिस जारी किया है। इस पुनरीक्षण याचिका में सपा प्रमुख अखिलेश यादव, एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी और अन्य के खिलाफ ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में पाए गए कथित 'शिवलिंग' पर उनकी कथित टिप्पणी और विजिटर्स द्वारा स्नान तालाब को कथित रूप से गंदा करने के लिए मामला दर्ज करने की मांग की गई है। हरि शंकर पांडे ने कहा, अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट-वी (सांसद-विधायक) उज्जवल उपाध्याय की अदालत ने 15 फरवरी को मेरी याचिका खारिज कर दी, इसके बाद मैंने जिला न्यायाधीश की अदालत में एक पुनरीक्षण याचिका दायर की। जिला न्यायाधीश न्यायालय से पुनरीक्षण याचिका एडीजे-नौवीं की अदालत में स्थानांतरित की गई। अदालत ने पुनरीक्षण याचिका पर सुनवाई की प्रक्रिया शुरू की और सभी प्रतिवादियों को नोटिस जारी किया। अदालत ने अगली सुनवाई के लिए 14 अप्रैल की तारीख तय की है।





## संपादकीय

# अडानी बनाम ओबीसी का मुद्दा

मानहानि मामले में राहुल गांधी की सजा और उनकी लोकसभा सदस्यता खत्म करने का मुदा अब अदानी बनाम ओबीसी के मुद्दे में तब्दील हो गया है। राहुल गांधी ने अगड़ी जाति के दो भगोड़े आर्थिक अपराधियों पर हमला किया तो भाजपा ने इस आधार पर इस मामले को ओबीसी का अपमान बता दिया है क्योंकि उसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नाम भी राहुल गांधी ने लिया था। राहुल गांधी ने नीरव मोदी और ललित मोदी का नाम लिया था और उनको प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से जोड़ा था। इसके बाद उन्होंने सवालिया लहजे में कहा था कि सभी चोरों के सरनेम एक कैसे होते हैं।

इसमें कोई संदेह नहीं है कि राहुल को इस तरह के सामान्यीकरण से बचना चाहिए। दो चार लोगों की गलतियों के लिए पूरे समाज को दोष नहीं दिया जा सकता है। लेकिन इसमें दो बातें ध्यान रखने वाली हैं। पहली तो यह कि मोदी नाम का कोई जातीय समुदाय नहीं होता है। कई जातियों और उपजातियों के लोग यह सरनेम लगाते हैं और दूसरा मोदी सरनेम वाले लोग ज्यादातर मामलों में पिछड़ी जाति के नहीं होते हैं। जैसे नीरव मोदी गुजरात के हैं और जैन समाज के हैं। इसी तरह ललित मोदी राजस्थान के मारवाड़ी हैं और वैश्य समाज के हैं। दोनों अगड़ी जाति में आते हैं। हां, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बिहार भाजपा के नेता सुशील मोदी जरूर पिछड़ी जाति में आते हैं।

बहरहाल, एक तरफ भाजपा दो सवर्ण आर्थिक अपराधियों के मुद्दे को ओबीसी के अपमान में तब्दील करने में लगी है तो दूसरी ओर कांग्रेस पार्टी इसे अदानी समूह के साथ जोड़ रही है। भाजपा कह रही है कि राहुल ने ओबीसी समुदाय का अपमान किया, जिसके लिए सूरत की अदालत ने उनको सजा दी है। इसमें भाजपा या सरकार का कोई हाथ नहीं है। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने इस मामले में यहां तक कहा कि नेहरू गांधी परिवार अपने लिए अलग आईपीसी बनाना चाहता है।

इसके जवाब में कांग्रेस का कहना है कि राहुल गांधी ने अदानी समूह की आर्थिक गड़बड़ियों का मुद्दा उठाया था। उन्होंने संसद में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान अदानी और मोदी की एक विशेष विमान की तस्वीर दिखाई थी। राहुल ने आरोप लगाया था कि मोदी से दोस्ती के चलते अदानी को बचाया जा रहा है। कांग्रेस का दावा है कि इन आरोपों के बाद ही सरकार परेशान हुई और राहुल गांधी के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी हुई। कांग्रेस का कहना है कि लंदन में राहुल के भाषण के बहाने उनकी सदस्यता खत्म करने का प्रयास हुआ और जब लगा कि उससे काम नहीं चलेगा तो सूरत की अदालत के फैसले को बहाना बनाया गया।

# 2024 में भारत बिना विपक्ष का दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र?

सन् 2024 भारत का टर्निंग प्वाइंट है। दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र बिना विपक्ष के होगा। नोट रखें मेरी इस बात को कि सन् 2024 के लोकसभा चुनाव में विपक्ष निपटेगा। पार्टियों के बोर्ड होंगे मगर दुकान खाली। 2024 का चुनाव अखिलेश यादव, ममता बनर्जी, अरविंद केजरीवाल और नीतीश कुमार का आखिरी लोकसभा चुनाव होगा। मतलब यह कि मई 2024 के आम चुनाव के बाद सपा, तृणमूल, आप, जदयू जिंदा तो रहेंगे मगर कम्युनिस्ट पार्टियों, रिपब्लिकन पार्टी व बसपा जैसी हैसियत में। ये क्षत्रप 2024 से 2029 के बीच में प्रादेशिक वजूद भी पूरी तरह गंवा बैठेंगे। नेता मुकद्मों और जेल में फंसे होंगे। सवाल है कैसे यह संभव?

सर्वप्रथम नोट करें कि सन् 2024 का आम चुनाव मोदी का आखिरी चुनाव है। इस चुनाव और उसके बाद के पांच साला कार्यकाल में हिंदू राजनीति अमित शाह-योगी की जमीन बनाने पर फोकस करेगी। करिश्मे के बाद भी सत्ता-पक्षी स्थायी रहे इसके लिए विपक्ष को खत्म करने का मिशन। इसमें यूपी, बिहार, बंगाल के 60 प्रतिशत हिंदू वोटों को भगवा में रंगने की प्राथमिकता नंबर एक पर। ध्यान रहे 2019 में भाजपा ने 13 प्रदेशों में कुल वोटों में 50 प्रतिशत से ज्यादा वोट पाए थे। इस लिस्ट पर गौर करें- हिमाचल, गुजरात और उत्तराखंड में भाजपा को क्रमशः 69 प्रतिशत, 62 प्रतिशत और 61 प्रतिशत वोट मिले थे। झारखंड राजस्थान, मध्य प्रदेश अरूणाचल प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली के छह राज्यों में भाजपा को 57 से 59 प्रतिशत के बीच वोट मिले। फिर तीसरी कैटेगरी के चार राज्यों छतीसगढ़, कर्नाटक, गोवा, चंडीगढ़ में हर जगह भाजपा के 51 प्रतिशत वोट थे। उत्तर प्रदेश में भाजपा के पचास फीसदी वोट थे। इन 13 राज्यों की 273 सीटों में से भाजपा ने 243 सीटें जीतीं।

बिहार और बंगाल का जहां सवाल है तो बिहार की मौजूदा राजनीति में यदि जनता दल यू के वोटों को अलग रखें तो भाजपा और पासवान पार्टी के साझे में तब 32 प्रतिशत वोट थे। दोनों की 23 सीटें हैं। जनता दल यू का वोट तब 22 प्रतिशत था। उधर बंगाल में भाजपा को 2019 के लोकसभा चुनाव में 41 प्रतिशत वोट और 18 सीटें मिली थीं।

कुल मिलाकर इन पंद्रह राज्यों की 355 लोकसभा सीटों में भाजपा के पास अभी 284 सीटें हैं। इसे अधिकतम कह सकते हैं। अपनी जगह बात ठीक है। पर सोचें, कि सन् 2024 में यदि यही रिजल्ट रहा तब अखिलेश, ममता, केजरीवाल और नीतीश कुमार के लिए क्या बचेगा? उनके लिए आगे क्या बचेगा? फिलहाल मैं कांग्रेस को अलग रख रहा हूं। मगर हां, यह भी तय मानें सीट जीतने की बात तो दूर कांग्रेस भी इन प्रदेशों में पुराना वोट आधार भी गंवाएगी। इसलिए क्योंकि आम आदमी पार्टी कई राज्यों में उसके वोट वैसे ही खाएगी जैसे उसने गुजरात और गोवा में खाए।

बहरहाल फिलहाल मुद्दा 2024 में इन 15 राज्यों में मोदी की हवा और भाजपा की इलेक्शनरिंग के जादू का है। विपक्ष के मिटने का है। बंगाल, बिहार, यूपी, पंजाब, दिल्ली ये वे पांच राज्य हैं, जिसमें भाजपा को वोट और सीट दोनों बढ़ानी है ताकि केजरीवाल, ममता, नीतीश, अखिलेश का झंझट आगे के लिए हमेशा खत्म हो। दक्षिण के राज्यों में यह आसान नहीं है। पर इन राज्यों में है। भाजपा अपने मकसद को दो तरीकों से साधेगी। एक, हिंदू वोटों (खास तौर पर पिछड़े और लाभार्थी) में 65-70 प्रतिशत लोगों की गोलबंदी से। मसलन पंजाब में यदि 38 प्रतिशत हिंदू हैं तो खालिस्तानी हल्ले में हिंदुओं को पूरी तरह भगवा बना डालना। इससे कांग्रेस, अकाली, आप चुनाव में सिख वोटों में परस्पर लड़ती-भिड़ती होगी वही प्रदेश की 13 सीटों में भी भाजपा अकेले या कुछ परोक्ष तालमेल से सीटें जीत लेगी। कांग्रेस और आप दोनों आपस में लड़ कर ही निपटेंगे।

हां, 2024 के चुनाव तक खालिस्तानी हल्ला ऐसा रहेगा कि केजरीवाल हिंदू और सिख दोनों में न केवल बुरी तरह बदनाम होंगे, बल्कि आश्चर्य नहीं जो अपने नेताओं के साथ जेल में हों। भाजपा के लिए केजरीवाल अब हर तरह से उपयोगी हैं। पंजाब के हिंदुओं को, दिल्ली-हरियाणा के पंजाबियों को अपने पीछे गोलबंद बनवाने के लिए तो आप पार्टी की भ्रष्ट कमीज दिखला कर अपने को उजाला बतलाने के भाजपा प्रचार से लेकर हरियाणा, हिमाचल, राजस्थान, उत्तराखंड सब तरफ कांग्रेस के वोट कटवाने के लिए भी। संभव ही नहीं है जो सन् 2024 के लोकसभा चुनाव में आप पार्टी एक भी लोकसभा सीट जीत पाए। फिर दिल्ली विधानसभा चुनाव में आप का पूरी तरह सफाया है।

यही बंगाल और बिहार में होना है। बंगाल में कम से कम 45 प्रतिशत हिंदू वोटों की गोलंबदी तो बिहार में गैर-यादव हिंदू वोटों की नई गोलंबदी भाजपा की रणनीति है। मामूली बात है मगर बड़ा महत्व है। भाजपा ने सम्राट चौधरी को प्रदेश अध्यक्ष बना कर गैर-यादव पिछड़ों के की गोलबंदी करवाने के संकेत दिए इसलिए लोकसभा चुनाव में जनता दल यू को बिहार में 15 प्रतिशत (हां, जदयू-राजद-कांग्रेस-लेफ्ट का एलायंस यदि पूरी ताकत से लड़ा तो अलग बात) वोट भी नहीं मिल पाएगा। वहां मुस्लिम बहुल इलाकों में भाजपा की अलग रणनीति है तो पिछड़ा बहुल में अलग।

इसी एप्रोच में भाजपा बंगाल और यूपी में काम कर रही है। मुस्लिम बहुल रामपुर में भाजपा जीती है तो बंगाल में भी इसलिए जीतेगी क्योंकि जैसे उत्तर प्रदेश में मायावती के बाद अब अखिलेश यादव को मुसलमान भाजपा का पिट्ठू समझने लगा है वैसी ही इमेज ममता बनर्जी की बंगाल के मुसलमानों में बनती हुई है। जो काम केजरीवाल हरियाणा, राजस्थान, पंजाब में कांग्रेस को डुबाने के लिए करेंगे वैसा ही काम कांग्रेस-लेफ्ट यूपी और बंगाल में मोदी विरोधी घोर सेकुलर तथा मुस्लिम वोट पा कर ममता-अखिलेश के लिए करेंगे। कोई माने या न माने मोदी विरोधी तमाम सेकुलर वोट और मुसलमान मन ही मन राहुल गांधी और कांग्रेस को मोदी विरोधी लड़ाई का असल जूझारू नेता मान रहा है। तभी एक लब्बोलुआब कि जैसे केजरीवाल और अखिलेश इस मुगालते में हैं कि 2024 के चुनाव में कांग्रेस खत्म होगी तो कांग्रेस में भी सोचा जा रहा है कि ममता, केजरीवाल, अखिलेश 2024 में गुल हो जाएंगे मगर कांग्रेस जिंदा रहेगी। इसलिए वह क्यों एलायंस के लिए भागे!

जाहिर है मोदी-शाह 2024 में विपक्ष को मिटा देने की ठाने हुए हैं तो विपक्ष भी आत्महत्या के दसियों उपाय करता हुआ है।

**हरिशंकर व्यास**

## काले बदरा

गगन पे विचरण करने वाले बदरा
वर्षा दे मेरे प्याले में तूँ मदिरा
जब जब सावन में तुम आयेगा
जाम से जाम मिलकर टकरायेगा
गम को भुलाने में मेरी मदद तुँ करना
मयखाने में जाम शराब का है भरना
साकी मेरी रूठ कर मायके गई है
सौगात तन्हाई की भेंट कर गई है
नभ पे चन्दा जब पूरब में आती है
ख्यालों में उनकी अक्स सजा देती है
कैसे पागल दिल को मैं समझाऊँ
प्यार की लंका को कैसे खुद जलाऊँ
किस खता की सजा मुझे मिली है
कौन सी फितरत से खफा हुई है
जख्म जिगर की मरहम् तुं भरना
गम को भुलाने में मदद भी करना
आलम तन्हाई का अब ना सहेगें
मोहब्बत की मशाल जरूर जलेगें
राज को राज नहीं है अब रखना
जग वाले से काहे को है डरना



**उदय किशोर साह**
जयपुर जिला
बाँका बिहार

# फांसी की सजा : विकल्प तलाशने की कवायद

सर्वोच्च अदालत द्वारा भारत में मृत्युदंड के तरीके अर्थात फांसी की सजा के विकल्प पर विचार करने के लिए एक समिति के गठन के संकेत दिए गए हैं।

खास बात यह है कि सर्वोच्च न्यायस्थल द्वारा ऐसा निर्णय केवल इसलिए है ताकि मृत्युदंड का कोई ऐसा विकल्प तलाशा जा सके जो अपेक्षाकृत कम दर्दनाक और अधिक मानवीयतापूर्ण हो। दूसरे शब्दों में यदि यह कहा जाए कि शीर्ष अदालत द्वारा जघन्य अपराध के दोषियों के लिए यातनारहित मृत्यु का तरीका ढूंढा जा रहा है, तो गलत नहीं होगा।

जघन्य अपराधों के लिए मृत्युदंड दिए जाने की व्यवस्था तो बहुत प्राचीन काल से विद्यमान है। हम अपने धर्मग्रंथों रामायण एवं महाभारत में वर्णित विभिन्न घटनाओं पर विचार करें तो भी निष्कर्ष यही निकलता है कि गंभीर अपराधों का परिणाम दोषी को मृत्युदंड द्वारा ही भुगतना पड़ता था। आज की स्थिति भी यही है कि भारत में हत्या एवं बलात्कार जैसे अमानवीय कृत्यों के लिए मृत्युदंड के रूप में फांसी की व्यवस्था है। न्याय व्यवस्था के लचीलेपन का इससे बड़ा प्रमाण और क्या हो सकता है कि 2009 में तमिलनाडु में सात वर्ष के बच्चे के अपहरण एवं हत्या के दोषी के मृत्युदंड को सर्वोच्च न्यायालय द्वारा बीस वर्ष के आजीवन कारावास में सिर्फ इस तर्क के आधार पर तब्दील कर दिया गया कि अपराधी होने के बावजूद उसमें सुधार की संभावना विद्यमान है। सोलह दिसम्बर, 2012 को दिल्ली में घटित निर्भया कांड को हममें से शायद ही कोई जीवन में भूल पाएगा। हैवानियत की नग्नता एवं दर्दनाक चीखों से युक्त इस निर्मम घटना ने पूरे देश को दहला कर रख दिया था। ध्यातव्य तो है कि एक ऐसे कांड, जिसमें पशुता की सभी हदें पार कर दी गई हों, का इंसाफ होने में सात वर्ष, तीन माह और तीन दिन लग गए। वो भी पीड़िता की मां द्वारा की गई तमाम जटिल कानूनी कोशिशों के बाद। इसे कहीं न कहीं हमारी न्याय व्यवस्था की कमी कहा जाए अथवा आवश्यकता से अधिक लचीलापन, कि वारदात होने एवं दोषी को सजा मिलने के बीच लंबा समयांतराल होता है, जिसमें पीड़ित अथवा पीड़िता के परिजनों को न्याय की प्रतीक्षा के साथ-साथ उसे हासिल करने के लिए जी जान लगानी पड़ती है। सर्वोच्च अदालत में दाखिल जनहित याचिका में मृत्युदंड के लिए फांसी के तरीके को क्रूर, तकलीफदेह एवं अमानवीय बताते हुए किसी ऐसे तरीके को अपनाए जाने की मांग की गई है जो मानवीय गरिमा को कायम रखने वाला हो। न्यायालय ने केंद्र सरकार से ऐसे वैज्ञानिक डेटा की उपलब्धता को लेकर प्रश्न किया है, जो मृत्यु के विभिन्न तरीकों में होने वाले कष्ट के मापन से संबंधित हो।

याचिकाकर्ता से एक प्रश्न तो निश्चित रूप से किया ही जाना चाहिए कि क्या किसी बहन अथवा बेटी के जीवन से खिलवाड़ करने वाले हैवान द्वारा उस कष्ट के विषय में तनिक भी विचार किया गया था जो पीड़िता द्वारा तड़प-तड़प कर सहा गया। कटु सत्य तो यह है कि आए दिन कभी मासूम बच्चियों से, तो कभी किशोरियों से होने वाले जघन्य अपराध केवल और केवल इस वजह से होते हैं कि अपराधी इनके परिणाम को लेकर निश्चिंत रहता है। उसके अंदर अपराध के दंड को लेकर तनिक भी खौफ नहीं होता। क्या हमारे कानून एवं न्याय व्यवस्था का इतना लचीला होना उचित है कि निर्भया कांड का आरोपी, जिसने सर्वाधिक घृणित एवं दरिंदगीपूर्ण कृत्य को अंजाम दिया, केवल नाबालिग होने के कारण सजा से बच गया। छब्बीस नवम्बर, 2008 को मुंबई में हुए आतंकवादी हमले का आरोपी, जिसने सैकड़ों निर्दोषों को मौत के घाट उतार कर मुंबई के कई स्थानों को रक्तरंजित कर दिया था, चार वर्ष के बाद फांसी के तख्ते तक पहुंच पाया। हमें मानना होगा कि कहीं न कहीं हमारी न्याय व्यवस्था एवं अपराधियों के प्रति उसका रवैया जरूरत से ज्यादा नरम है। कल्पना करें कि फांसी के स्थान पर मृत्युदंड का कोई आसान विकल्प उपलब्ध हो जाने एवं उसे लागू कर दिए जाने पर उसका परिणाम क्या होगा।

**शिशिर शुक्ला**

## सेवागीत

मोला तोर सेवा करे के
सउँख लागे मइया मोर,
काये सेवा मैं करँव ओ।
कउने तोर आसन लिपय
कउने ह चउँक पुरय
कउने तोर चुनरी उजरावय ओ
काये सेवा मैं....
रउतईन तोर आसन लिपय
नवईन ह चउँक पुरय
धोबनिन तोर चुनरी उजरावय ओ
काये सेवा मैं....
कउने तोला दीयना भेंटय
कउने ह तेल डारय
कउने तोला फूल चघावय ओ
काये सेवा मैं....
कुम्हरिन तोला दीयना भेंटय
तेलिन ह तेल डारय
मालिन तोला फूल चघावय ओ
काये सेवा मैं....
कउने तोर जस गावय
कउने ह तोर आरती उतारय
कउने तोर कहिनी काहय ओ
काये सेवा मैं....
गड़ईन तोर जस गावय
गोड़िन ह तोर आरती उतारय
कलारिन तोर कहिनी काहय ओ
काये सेवा मैं....



**टीकेश्वर सिन्हा गब्दीवाला**
घोटिया-बालोद
(छत्तीसगढ़)

## तस्वीर


जिंदगी भर तेरी, तस्वीर से बातें की हैं।
नाम लिखकर तेरा, तहरीर से बातें की हैं।
तुम न आओ न सही, मैने ख़यालातों में,
तेरे बसर तेरी, तामीर से बातें की हैं।
अनकहे तेरे वो ,अल्फ़ाज़ सुने हैं मैंने,
ख्व़ाब में जब तेरी ,तकरीर से बातें की हैं।
देख के तेरा सरापा,दिल भी बेदार हुआ,
तुझको मांगा है के,तकदीर से बातें की हैं।
आ भी जाओ के तुम्हें,रुह में शामिल करके,
वो सुनाएं तुम्हें, जो पीर से बातें की हैं।



**पुष्पा स्वाती**
मुम्बई

## मसाइल

पड़ते रहते हैं मसाइल में
दिल-ए-नादाँ भी
सिर्फ नियामत ही नहीं
इश्क़ ग़म-ए-पिन्हाँ भी
तेरी तस्वीर, तेरा
जमाल-ए-रुख़ अच्छा है
मेरी रग-रग में दौड़े तू
बनके रग-ए-जाँ भी
सिर्फ गुलशन ही नहीं
मिलते मुसाफ़िर को यहाँ
चलने पड़ते हैं कई रोज़
कुछ बयाबाँ भी
कोई जुगनू या कोई तितली
कभी छू कर देख
चलती राहों पे
बसा दे कभी गुलिस्ताँ भी
गीत कितने हैं सजे
लब पे दुआओं वाले
बैठे हैं उनपे लुटाए
हुए दिल-ओ-जाँ भी



**प्रियंका अग्निहोत्री गीत**
वाराणसी उत्तरप्रदेश

## मजदूर

अपने खुदगर्ज सवालो से डर लगता है।
बच्चों के मासूम सवालों से डर लगता है।
जो आज हुआ बाजारों में,
क्या वही कल होगा।
बच्चे तरसेंगे रोटी को,
क्या बंद सफल होगा।
मजदूर है जी,हडतालों से
डर लगता है।
जमीर ऐसा गोया कि
हाथों से फिसलती रेत।
रक्षक ही भक्षक बने,
बागड खा गई खेत।
यारब,अब तो घोटालों से
डर लगता है।
बिक गई अस्मत,
फिर सच्चाई नीलाम हुई।
द्रौपदी का चीरहरण,
फिर सीता बदनाम हुई।
बन जाए न नासूर,
छालों से डर लगता है।



**ओमप्रकाश बिन्जवे राजसागर**
भोपाल,मध्यप्रदेश

# राजनीतिक स्वच्छता के लिए राइट टू रिकॉल जरूरी

जनता द्वारा चुने गए प्रतिनिधि यदि सही से काम ना करें तो जनता अपना प्रतिनिधि बदलने का अधिकार रखती है और उसे यह अधिकार मिलना ही चाहिए। काम नहीं तो कुर्सी नहीं की व्यवस्था को लागू करना अब बहुत जरूरी हो चला है। राजनीतिक स्वच्छता के लिए हमें यह पहल करनी ही होगी। लोकतंत्र का आशय है कि लोगों की सरकार हो। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि कई बार बहुमत की चुनाव प्रणाली में हर निर्वाचित जनप्रतिनिधि को लोगों का सच्चा जनादेश प्राप्त नहीं होता है। अगर लोगों को अपना जनप्रतिनिधि चुनने का अधिकार है, तो उन्हें जनप्रतिनिधियों के कर्तव्य पालन में विफल रहने पर हटाने का भी अधिकार मिलना चाहिए। जनप्रतिनिधित्व कानून-1951 केवल कुछ अपराधों के मामले में जनप्रतिनिधियों को हटाने की मंजूरी देता है और उनकी सामान्य अक्षमता और मतदाताओं की नाराजगी को उन्हें हटाने का कारण नहीं मानता, इसलिए राइट टू रिकॉल को अब पूरे देश में लागू करना बहुत जरूरी हो जाता है। राइट टू रिकॉल जनप्रतिनिधियों को वापस बुलाने के अधिकार की प्रक्रिया का प्रतिरूप है। यह ऐसी प्रक्रिया है, जिसके जरिए मतदाता चुने हुए प्रतिनिधियों को उनका कार्यकाल पूरा होने से पहले प्रत्यक्ष मतदान के जरिए हटा सकते हैं।

ऐतिहासिक संदर्भ में बात करें तो भारत में राजाओं को हटाने के प्रजा को अधिकार होने के उदाहरण देखने को मिलते हैं। वहीं प्राचीन काल में एथेनियन लोकतंत्र में यह कानून चलन में था। बाद में कई देशों ने इसे अपने संविधान में शामिल किया। इतिहास में इस कानून की उत्पत्ति स्विट्जरलैंड से हुई। हालांकि यह अमेरिकी राज्यों में चलन में आया। वहां कई प्रांतों में इसके सशक्त उदाहरण देखने को मिलते हैं। कनाडा की ब्रिटिश कोलंबिया विधानसभा ने 1995 से रिकॉल चुनाव को मान्यता दी है। अगर भारत की बात करें तो रिकॉल की अवधारणा देश में पहली बार 1924 में तब सामने आई थी, जब हिंदुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन से जुड़े सचिंद्र नाथ सान्याल ने पार्टी के घोषणा पत्र में कहा था कि इस गणराज्य में मतदाताओं के पास अपने जनसेवकों के ऊपर राइट टू रिकॉल का अधिकार सुरक्षित होगा। लोकतंत्र मजाक न बने, इसलिए मतदाता को यह अधिकार दिया जाएगा। इस मुद्दे पर संविधान सभा में बहस भी हुई थी, लेकिन कहा जाता है कि डॉ. भीमराव अंबेडकर ने इस प्रस्तावित संशोधन को स्वीकार नहीं किया था।

मानवाधिकारवादी एमएन रॉय ने 1944 में विकेंद्रीकृत और शासन के विकसित स्वरूप को प्रस्तावित किया था, जो जनप्रतिनिधियों को चुनने और उन्हें वापस बुलाने की अनुमति देता है। जुलाई, 1947 में सरदार वल्लभ भाई पटेल ने संविधान सभा में जनता को जन सेवकों को हटाने के अधिकार रिकॉल को प्रभावी बनाने पर बल दिया था। 1974 में सीके चंद्रप्पन द्वारा जन सेवकों को वापस बुलाने वाला प्रस्ताव लोकसभा के पटल पर रखा था, जिसका समर्थन अटल बिहारी वाजपेयी ने भी किया था। 1974 में ही जयप्रकाश नारायण ने भी राइट टू रिकॉल के बारे में जोरदार पैरवी की। अन्ना हजारे भी इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाते रहे हैं। 2008 में लोकसभा अध्यक्ष सोमनाथ चटर्जी ने भी राइट टू रिकॉल का समर्थन किया था। 2008 में छत्तीसगढ़ नगरपालिका अधिनियम-1961 के तहत लोगों ने तीन निर्वाचित स्थानीय निकाय के प्रमुखों का निर्वाचन रद्द कर दिया। मध्य प्रदेश, बिहार, गुजरात, राजस्थान और हरियाणा में भी राइट टू रिकॉल स्थानीय निकाय स्तर पर अस्तित्व में है। हालांकि बाद में राजस्थान में इसे निरस्त कर दिया गया था। 2016 में सांसद वरुण गांधी ने भी ऐसी शुरुआत करने की कोशिश की थी।

अगर इस कानून से होने वाली दिक्कतों की बात करें तो रिकॉल चुनाव के साथ समस्या यह है कि यदि जनता ने एक-एक कर प्रत्येक निर्वाचित उम्मीदवार को खारिज करना शुरू कर दिया तो हमें बार-बार चुनाव कराना होगा। भारत में चुनाव एक खर्चीली प्रक्रिया है, जहां सरकार का पैसा तो खर्च होता ही है, साथ ही उम्मीदवारों द्वारा भी तय सीमा से अधिक खर्च किया जाता है। यदि बार-बार चुनाव हुए तो आर्थिक के साथ-साथ सामाजिक समस्याएं भी खड़ी हो सकती हैं। अतः इसे लागू करने से पहले यह भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि राइट टू रिकॉल जनप्रतिनिधियों के उत्पीड़न का स्रोत न बन जाए। इसके लिए रिकॉल प्रक्रिया में कई सुरक्षा उपायों को शामिल किया जाना चाहिए। रिकॉल की प्रक्रिया का आरंभ याचिका के माध्यम से शुरू किया जाए। उसके बाद इस याचिका की पहली समीक्षा संबंधित सदन के अध्यक्ष द्वारा की जाए और फिर अंत में इलेक्ट्रॉनिक मतदान से अंतिम परिणाम निर्धारित किया जाए।

एक स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव देश के नागरिकों का अधिकार है। लोकतंत्र की मजबूती के लिए मताधिकार के साथ ही वापस बुलाने का अधिकार भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए। यह आवश्यक है कि जिस तरह से जनता अपने प्रतिनिधियों को चुनाव के माध्यम से तय करती है, ठीक वैसे ही एक चुनाव उन्हें वापस बुलाने के लिए भी किया जाए। आखिर लोकतंत्र में मालिकाना हक तो जनता का ही है। असल में राइट टू रिकॉल को सबसे पहले संसद और विधानसभाओं में लागू किया जाना चाहिए। उसके बाद पंचायती राज व्यवस्था में इसे अमल में लाया जाना चाहिए। अभी देश के कुछ राज्यों में पंचायती राज व्यवस्था में राइट टू रिकॉल की व्यवस्था है, जिसके कोई खास परिणाम सामने नहीं आए हैं। अगर लोकतंत्र के नजरिए से भी देखें तो यह एक बहुत अच्छा कदम है, क्योंकि जनता द्वारा चुने गए प्रतिनिधि यदि सही से काम ना करें तो जनता अपने प्रतिनिधि बदलने का अधिकार रखती है और जनता को यह अधिकार मिलना ही चाहिए। काम नहीं तो कुर्सी नहीं की व्यवस्था को लागू करना अब बहुत जरूरी हो चला है। राजनीतिक स्वच्छता के लिए हमें यह पहल करनी ही होगी।



**अमित बैजनाथ गर्ग**
पालड़ी
मीणा,जयपुर,
राजस्थान,

# शी जिनपिंग और व्लादिमीर पुतिन की खतरनाक जुगलबंदी के दूरगामी परिणाम

व्लादिमीर पुतिन ने अपने परमाणु अस्त्र बेलारूस में स्थापित कर दिए हैं। जिससे निसंदेह अमेरिका यूरोप तथा अन्य देशों को खतरा महसूस होने लगा है। सबसे ज्यादा खतरा तो राष्ट्रपति जेलेंस्की के देश यूक्रेन और उसकी जनता को ही है। दूसरी तरफ चीन अपनी प्रभु सत्ता ताइवान पर थोपना चाहता है। ताइवान अपने को अभी तक स्वतंत्र मानता है और अपनी स्वतंत्र सरकार नियमित रूप से चला भी रहा है। ताइवान को अमेरिका का खुला समर्थन प्राप्त है वह भी कभी भी यूक्रेन की तरह चीन आक्रमण कर स्थिति को हिंसक बना सकता है इस तरह पुतिन और शी जिनपिंग चूँकी दोनों परमाणु संपन्न देश है यदि दोनों एक साथ किसी देश की तरफ लक्ष्य करेंगे तो निसंदेह युद्ध की भयानक परिणति होगी और इसके दूरगामी परिणाम भी होंगे।



द रिपब्लिकन ऑफ चाइना के मुखिया सी जिनपिंग अब अपनी सत्ता के तीसरे दौर में पहुंच चुके हैं, वे अब् और मजबूत हो चुके हैं। उन्होंने अपने विश्वस्त साथी ली कियांग को को प्रधानमंत्री बनाया है। यह पोजीशन चीन में सत्ता के केंद्र में शी जिनपिंग के बाद के बाद दूसरे नंबर की ताकतवर पोस्ट है, उल्लेखनीय है कि ली कियांग को करोना काल में बुरी तरह असफल होने के बाद पूरी दुनिया में आलोचना का शिकार होना पड़ा था। अब उन्हें विश्व की दूसरी आर्थिक ताकत को फिर से पटरी पर लाने का जिम्मा सौंपा गया हैद्य अपने विश्वस्त साथी को प्रधानमंत्री बना कर शी जिनपिंग चीन की सत्ता में और भी ताकतवर हो गए हैं। पड़ोसी देश होने के नाते भारत पर इसका व्यापक प्रभाव पड़ने वाला हैद्य वास्तविक नियंत्रण रेखा यानी कि लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल में चीन की गतिविधियां विगत एक वर्ष से लगातार भारत को बेचैन करने वाली रही है, अब शी जिनपिंग के फिर से चीन के सदर हुक्मरान होने से ना सिर्फ भारत की विदेश नीति बल्कि अमेरिका, रूस, पाकिस्तान, श्रीलंका, उत्तर, दक्षिण कोरिया, बांग्लादेश, तालिबान और अन्य पड़ोसी देशों पर भी इसका प्रभाव ज्यादा पड़ने वाला है। शी जिनपिंग के फिर से सत्ता में आने तथा उनकी आक्रामक नीति का असर भारत चीन संबंधों पर निश्चित तौर पर पड़ेगा, क्योंकि भारत चीन के साथ लगभग 3500 किलोमीटर लंबी भूमि सीमा लगी हुई है। यह सीमा जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश उत्तराखंड, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश से होकर गुजरती है, और दोनों देशों के बीच कभी भी सीमा का निर्धारण नहीं हो सकता है। सीमा निर्धारण के लिए वास्तविक नियंत्रण रेखा बनाई गई है पर इस वास्तविक नियंत्रण रेखा का कोई अपना बहुत गहरा प्रभाव नहीं है। शी जिनपिंग के विस्तार वादी मंसूबों और उसकी आक्रामक शैली के कारण सीमा पर विवाद बढ़ने की संभावना नजर आती है, यह तो तय है कि दोनों देश युद्ध नहीं करना चाहेंगे। भारत ने चीन की सीमा कानून को एक सिरे से खारिज कर उसकी अंतरराष्ट्रीय मंचों पर कड़ी निंदा की है। अब सी जिनपिंग की तीसरी पारी में भारत को यह बात खटक रही होगी कि चीन की वास्तविक नियंत्रण रेखा यथा स्थिति बदलने के कदम को सही ठहराने के लिए सीमा कानून नियम का उपयोग न करें, इसके अलावा दक्षिण चीन सागर तथा हिंद महासागर में चीन तथा अमेरिका के बीच सामरिक टकराव बढ़ने की आशंका है। शी जिनपिंग के फिर से सत्ता में आने से अमेरिका के लिए गंभीर चुनौती बन सकता है क्योंकि पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के पास 8 लाख सक्रिय सैनिक हैं, चीन ने सेना में खर्च होने वाला बजट भी 4 गुना कर दिया है, ऐसे में चीन आगामी वर्षों में ताइवान को अपने कब्जे में लेने का प्रयास करेगा। ताइवान की आजादी के लिए अमेरिका कृतसंकल्पित एवं कटिबद्ध है और यदि चीन ताइवान की आजादी में खलल डालने का प्रयास करेगा तो अमेरिका पीछे नहीं हटने वाला,फल स्वरूप चीन और अमेरिका में तनाव बढ़ने की पूरी संभावना है। चीन पहले से ही उत्तर कोरिया के मिसाइल कार्यक्रमों को प्रोत्साहित करने में लगा हुआ है ऐसे में अमरीकी प्रशासन के लिए यह विषय चिंता का होगा। शी जिनपिंग के फिर से सत्ता में आने से चीन, तालिबान, पाकिस्तान गठबंधन मजबूती प्राप्त कर वैश्विक शांति के लिए एक बड़ा खतरा बन सकते हैं एवं आतंकवाद को नई बयार मिलने की संभावना है। म्यानमार में पहले से ही लोकतंत्र का गला दबाया जा चुका है। उत्तर कोरिया की सैन्य हुकूमत ने म्यानमार में तानाशाही हुकूमत काबिज करके रखी है। शी जिनपिंग के ताकतवर होने से जलवायु परिवर्तन के खिलाफ लड़ी जा रही लड़ाई काफी कमजोर पड़ सकती है क्योंकि जिनपिंग जलवायु परिवर्तन को लेकर बहुत ही नकारात्मक रवैया अपनाए हुए हैं, जिनपिंग ग्लॉसको में हुए जलवायु परिवर्तन की बैठक में हिस्सा लेने के लिए ना तो खुद गए ना ही अपना प्रतिनिधि ही भेजा, यह सर्वविदित है कि चीन दुनिया का सबसे बड़ा प्रदूषण फैलाने वाले देशो में से एक देश है,और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि जिनपिंग चीन को दुनिया से अलग-थलग कर वहां तानाशाही का शासन लागू कर देगा। चीन के नागरिक केवल चीन देश के होकर रह जाएंगे। उन्हें बाहरी दुनिया के संपर्क में आने का अधिकार भी नहीं होगा। कोरोना वायरस की उत्पत्ति को लेकर भी यही हाल रहा है, चीन की खबरें कभी भी अंतरराष्ट्रीय मीडिया पर खुलकर नहीं आ पाई हैं। शी जिनपिंग अब एक तानाशाह शासक की तरह पेश आएंगे और चीन पूरी तरह से स्व केंद्रित हो जाएगा।



**संजीव ठाकुर,**
चौबे कालोनी रायपुर छत्तीसगढ़,

## बिना आवाज़ की लाठी मारी किया था भ्रष्टाचार

धन रहेगा नहीं दुखी करके निकलेगा यह भ्रष्टाचार
बच्चे को एक्सीडेंट में खोए कारण था भ्रष्टाचार
ऊपरवाला देख रहा है नहीं है वह लाचार
बिना आवाज़ की लाठी मारी किया था भ्रष्टाचार
चकरे खिलाकर बदुआएं समेटी करके भ्रष्टाचार
परिवार सहित सुखी रहोगे जब छोड़ोगे भ्रष्टाचार
अब भी सुधर जाओ मत करो इनकार
ईमानदारी से छोड़ दो भ्रष्टाचार
जीवन में दुखों का कारण का भ्रष्टाचार
लाखों करोड़ों खर्च किए नहीं हुआ उपचार
परिवार बिखर गया बस कारण है भ्रष्टाचार
जैसी करनी वैसी भरनी आदिकाल से सत्य विचार
भारत में अब आ गई है नवाचारों की बौछार
डिजिटल पारदर्शी नीतियों से हो गए हो लाचार
चकरे खिलाने का काम अब छोड़ दो ये औजार
ईमानदारी से छोड़ दो भ्रष्टाचार



**किशन सनमुखदास भावनानी**
गोंदिया महाराष्ट्र

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

# दो लोगों की जान लेने वाली घायल बाघिन हुई पिंजरे में कैद,भेजी गई रायपुर







## समुचित इलाज के बाद जंगल सफारी की बढ़ाएगी शोभा

- संवाददाता -
सूरजपुर,28 मार्च 2023
(घटती-घटना)।

घायल बाघिन को प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टरो की निगरानी में रायपुर ले जाया जा रहा है जहाँ उसके सम्पूर्ण ईलाज के बाद उसे रायपुर सफारी में छोड़ा जाएगा।सोमवार को ओड़गी ब्लॉक के ग्राम कालामांजन में तीन युवकों से भिड़ंत के बाद बाघिन भी बुरी तरह जख्मी हो गई थी।हालांकि ,उसके हमले से दो युवकों को जान गंवानी पड़ी है।हमले के दौरान बचाव में युवकों ने भी उस पर कुल्हाड़ी से वार किया था जिससे बाघिन के सर व जबड़े में चोटें आई है।जिससे वह घायलावस्था में सोमवार से ही गांव के नजदीक एक बांध के पास बैठ गई थी। कुदरगढ़ में चल रहे नवरात्र के मेले व बाघिन के कुदरगढ़ के नजदीक जमे रहने से जिला प्रशासन का कल पूरे दिन धड़कन बढ़ा हुआ था और बाघिन को सुरक्षित रेस्क्यू करने पूरे दिन कवायद की जाती रही पर सोमवार को ऐसा सम्भव नही हो सका।मंगलवार की सुबह रायपुर,बिलासपुर व अम्बिकापुर से पँहुचे एक्सपर्ट व डाक्टरो की टीम कुमकी हाथी के सहारे बाघ के नजदीक पहुँच कर उसे पहले ट्रेंकुलाइज कर और उसे अपने कब्जे में लिया गया। जहाँ से कुदरगढ़ रेंज के केम्पस में लाकर उसका उपचार किया गया।उपचार के बाद उसके बेहतर इलाज के लिए डाक्टरो की निगरानी में रायपुर ले जाया जा रहा है।जहाँ उसके सम्पूर्ण इलाज के बाद उसे रायपुर सफारी में छोड़ा जा सकता है।सीसीएफ नावेद सुजाउद्दीन ने बताया कि बाघिन का यह सम्पूर्ण रेस्क्यू ऑपरेशन नेशनल टाइगर कन्जर्वेशन अथारटी एन टी सी ए की गाइड लाइन के अनुसार किया गया।

### गढ़वतिया में दिखा तेंदुआ

इधर चांदनी बिहारपुर से लगे गढ़वतिया के नजदीक मंगलवार की सुबह एक तेंदुआ ने एक गाय को शिकार बना लिया है।गांव के नजदीक तेंदुए की धमक से इस क्षेत्र में भी दहशत है। गढ़वतिया देवी धाम में भी इन दिनों पूजा पाठ का दौर जारी है। और लोगो का जमावड़ा होने से यहां भी डर का माहौल है।रेंजर ने बताया कि आसपास के जंगलों में तेंदुए की आहट जरूर है पर इस घटना की अभी जब तक मौका मुआयना नही कर लेते तब तक यह कहना मुश्किल है कि तेंदुआ है या बाघ...? रेंजर ने ग्रामीणों ने गाय के शिकार की सूचना दी है।मोके पर टीम को भेजा गया है।

# टावर की बैट्री एवं बिजली टावर से एंगल चोरी मामले में 4 आरोपी हुए गिरफ्तार

## थाना चंदौरा पुलिस की कार्यवाही




- संवाददाता -
सूरजपुर,28 मार्च 2023
(घटती-घटना)।

विगत रविवार को ग्राम गोविन्दपुर निवासी गौरीशंकर पटेल ने थाना चंदौरा में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह एटीसी टेलीकाम इंफ्रास्ट्रक्चर प्रा.लि. टावर में साईट टेक्नीशियन है और साईट के साधारण मेंटनेंश का कार्य करता है। दिनांक 24.03.23 को सभी सिस्टम सही काम कर रहे थे 25.03.23 के रात्रि में कंपनी के द्वारा सूचना दिया कि गोरगी साईट बंद हो गया जो हाथी विचरण जंगल एरिया है। अगले दिन भुरापानी साइट गया तो वहां सेल्टर का दरवाजा खुला मिला साइट भूरापानी ग्राम गोरगी में स्थित टावर के बैट्री रैक और एचबीएल कंपनी का 24 नग सेल तथा ट्रांसमिशन रेक को अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गए है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर धारा 380 भादसं के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया।

मामले की सूचना पर पुलिस अधीक्षक सूरजपुर रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) ने चोर की पतासाजी कर जल्द गिरफ्तार करने के निर्देश दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह व एसडीओपी प्रतापपुर अमोलक सिंह के मार्गदर्शन में मामले की विवेचना करते हुए सूचना तंत्र को एक्टिव कर लगाया गया। इसी बीच मुखबीर से प्राप्त सूचना के आधार पर संदेही बालचंद सिंह को पकड़ा गया। पूछताछ पर उसने बताया कि गोरगी में चोरी की वारदात को कैलाश कुमार, राधेश्याम सोनी, अनुज कुमार व अन्य 2 के साथ मिलकर अंजाम दिया है। इसके पूर्व घाट पेण्डारी में लगे बिजली टावर के एंगल को कैलाश के साथ मिलकर चोरी करना बताया। जिसके बाद इन तीनों को भी पकड़ा गया। आरोपियों के निशानदेही पर चोरी का 3 नग बैट्री, रैक 2 नग, बिजली टावर का एंगल 2 नग कुल कीमत करीब 24 हजार रूपये को जप्त आरोपी बालचंद पिता शिवप्रसाद उम्र 26 वर्ष ग्राम पकनी, थाना चंदौरा, कैलाश कुमार पिता स्व. मटुकधारी उम्र 20 वर्ष ग्राम देवरी, राधेश्याम सोनी पिता श्रवण उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम बरती, चौकी वाड्रफनगर, थाना बसंतपुर, जिला बलरामपुर व अनुज कुमार पिता जीतूराम गुप्ता उम्र 32 वर्ष ग्राम बुद्धी स्टेशन रोड़ सोनभद्र उत्तरप्रदेश को गिरफ्तार किया गया। मामले में फरार अन्य आरोपियों की पतासाजी की जा रही है।

दिनांक 15.02.23 को घाट पेण्डारी में लगे बिजली टावर के एंगल चोरी की रिपोर्ट दिनांक 18.03.23 को थाना चंदौरा में दर्ज कराई गई थी, टावर के एंगल चोरी मामले को बालचंद के द्वारा अपने साथी कैलाश के साथ मिलकर अंजाम देना और एंगल को राधेश्याम के पास बिक्री किया था। आरोपियों के निशानदेही पर टावर का एंगल जप्त कर इन तीनों आरोपियों की गिरफ्तारी भी इस मामले में की गई। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी चंदौरा शिवकुमार खुटे, एएसआई कमलाराम केरकेट्टा, प्रधान आरक्षक केश्वर राम मरावी, रामकुमार पैंकरा, आरक्षक प्रवीण मिश्रा व मिथलेश गुप्ता सक्रिय रहे।

# हनुमान चालीसा और परिवार प्रबंधन पर व्याख्यान 1 अप्रैल को कलाकेंद्र मैदान में



- संवाददाता -
अंबिकापुर,28 मार्च 2023
(घटती-घटना)।

अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त पूज्य पंडित विजय शंकर मेहता का अंबिकापुर में आगामी 1 अप्रैल को आगमन होना है। इस दृष्टि से घड़ी चौक कला केंद्र मैदान में हनुमान चालीसा और परिवार प्रबंधन पर उनके व्याख्यान आयोजित की जाएगी। आयोजन को सफल बनाने के लिए व्यवस्थापक पूर्व मंत्री रामविचार नेताम की उपस्थिति में शहर के गणमान्य व्यक्तियों की महत्वपूर्ण बैठक होटल पंचानन में संपन्न हुई। आयोजन की सफलता के लिए बैठक में उपस्थित कई प्रबुद्ध जनों ने अपने विचार एवं सुझाव व्यक्त किए ।

उल्लेखनीय है कि अंतर्राष्टीय ख्याति प्राप्त पूज्य पंडित विजय शंकर मेहता का हनुमान चालीसा और परिवार प्रबंधन पर प्रभावी व्याख्यान, देश विदेश के कई शहरों में होता रहता है । यह पहला अवसर होगा जब अंबिकापुर वासियों को इनका प्रभावी व्याख्यान सुनने का अवसर प्राप्त होगा। आयोजन को सफल बनाने के लिए कई विभाग वार समितियों का भी गठन किया गया है। जिसके अनुसार सहयोगी सुधिजन कार्यक्रम को सफल बनाएंगे। इस महत्वपूर्ण बैठक में मुख्य रूप से रामविचार नेताम, कमलभान सिंह, जेपी श्रीवास्तव , मेजर अनिल सिंह, अजय अग्रवाल, सुभाषचन्द्र अग्रवाल, भगवानदास बंसल, नागेंद्र तिवारी, द्वितेन्द्र मिश्रा, अजय बंसल, ललन प्रताप सिंह, रजनी त्रिपाठी ,अनुराग सिंह देव, अखिलेश सोनी, हरिशंकर जायसवाल ,राजकुमार बंसल, अम्बिकेश केशरी ,गौरांगो सिंह ,अजय मिश्रा ,आलोक दुबे, किरण मिश्रा, वंदना दत्ता शकुंतला पांडेय, मंजूषा भगत, मुक्ता गुप्ता, नीलिमा गोयल, डॉ. अनिल सिंह, विनीत गुप्ता, उमेश जायसवाल सहित सैकड़ों की संख्या में आयोजन समिति के अन्य सदस्यगण मौजूद थे।

# वसुधा महिला मंच ने जस गीत के माध्यम से की मां की वंदना



- संवाददाता -
अंबिकापुर,28 मार्च 2023
(घटती-घटना)।

प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी चैत्र नवरात्र पर वसुधा महिला मंच द्वारा मंगलवार को गांधी चौक स्थित दुर्गा मंदिर में देवी जस गीत का आयोजन किया गया। वसुधा मंची की सदस्य सन्तोष पांडय ने गणेश वंदना व जगमग सजा है दरबार भवानी जैसे भजन गाए। इस आयोजन में पहली बार वसुधा महिला मंच बिश्रामपुर इकाई की सदस्यों में दीप्ति स्वाइन एवं शीला सिंह के सहयोग से देवी भजन प्रस्तुत किया गया। इस दौरान दुर्गा शक्ति मंच दुर्गा मंदिर, महाकालेश्वर नावापारा, मां महामाया महिला सेवा समिति मणिपुर, साई मन्दिर गांधीनगर, परशुराम मंदिर, मां सर्वशक्ति भजन मंडली देवीगंज द्वारा देवी माता के गीतों की मधुर प्रस्तुति दी गई। इस दौरान वसुधा ने इस वर्ष वरिष्ठ सामाज सेविका गंगा देवी सिंह को वसुधा सम्मान से अलंकृत किया गया। संरक्षिका डॉ. पुष्पा सोनी, मीरा साहू, वन्दना दत्ता, मीनाक्षी अग्रवल, रेखा इंगोले, मिलन शर्मा, सरिता भाटिया, जया तिवारी, सरिता सिंह, आभा सिंह, शशि श्रीवास्तव एवं अन्य सदसयों ने शॉल श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन वन्दना दत्ता द्वारा किया गया। कार्यक्रम में शैल अग्रवल, वन्दना सिह, तनुश्री मिश्रा, रीता अग्रवल, श्रद्धा खेरपाण्डे, चयति अग्रवल, लीला बंसल, अनुभा डबराल, नीलू गुप्ता, नेहा वर्मा शामिल रहीं।

# शादी का झांसा देकर बलात्कार करने वाला आरोपी गिरफ्तार

- संवाददाता -
अंबिकापुर,28 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को गांधीनगर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। जानकारी के अनुसार प्रार्थिया द्वारा थाना गांधीनगर आकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि अभिनय पावले साकिन लखनपुर द्वारा प्रार्थिया से शादी का झांसा देकर जबरन अनाचार किया गया है। प्रार्थिया कि रिपोर्ट पर सदर धारा 376(2)(ढ) का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।दौरान जांच विवेचना आरोपी ऑटो चालक अभिनय पावले साकिन लखनपुर को पकड़कर घटना के सम्बन्ध मे पूछताछ किया गया जो आरोपी द्वारा घटना कारित करना स्वीकार किया गया, आरोपी के विरुद्ध अपराध सबूत पाये जाने से विधिवत कार्यवाही कर गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा मे भेजा गया हैं। सम्पूर्ण कार्यवाही मे थाना प्रभारी गांधीनगर निरीक्षक धीरेन्द्र नाथ दुबे, उप निरी.अनिता आयाम, सहायक उप निरीक्षक नवल किशोर दुबे, आरक्षक अमृत सिंह, उमा शंकर साहू, प्रविंद्र सिंह सैनिक अनिल साहू शामिल रहे।



# जिला कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग ने केन्द्र सरकार के खिलाफ किया प्रदर्शन



- संवाददाता -
अंबिकापुर,28 मार्च 2023
(घटती-घटना)।

कांग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता रद्द होने के बाद कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन जारी है। इसी कड़ी में जिला कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग के जिला अध्यक्ष लक्ष्मी गुप्ता के निर्देश पर मंगलवार को केन्द्र सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए पुतला दहन किया। इस दौरान छत्तीसगढ़ शासन के तेलघानी विकास बोर्ड सदस्य लक्ष्मी गुप्ता ने कहा कि यह सब केन्द्र सरकार के इशारे पर हो रहा है।

पुतला दहन कार्यक्रम में कलाम सिद्दीकी, सुरेश गुप्ता, साकिब फिरदौसी, कमलेश यादव, बलराम सोनी, जगदीश गुप्ता, निखिल गुप्ता, आरिफ खान, शुभम ठाकुर, अविनाश साहू, जाहिद खान, अवधेश यादव, इमरान खान, तनवीर हुसैन, जफर खान, रोहन साहू, फरहान आलम, अभिषेक ठाकुर , अभियोदय सोहना, करन मिर्धा, आयुष, राशिद खान, जीतन भाई, दिलीप सोनी, मासूम खान, जैद अंसारी, फरहान सिद्दीकी, अस्सलाम फिरदौसी सीतापुर में पुतला दहन का नेतृत्व सीतापुर के ब्लाक अध्यक्ष मनीष गुप्ता, बतौली में पुतला दहन का नेतृत्व बतौली के अध्यक्ष ईश्वर सोनी, मैनपाट में पुतला दहन का नेतृत्व मैनपाट के ब्लॉक अध्यक्ष जितेंद्र यादव, लखनपुर में पुतला दहन का नेतृत्व लखनपुर के ब्लॉक अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद साहू ने किया।

# धूमधाम से निकाली गई शोभायात्रा,जय श्रीराम के नारों से गूंजता रहा शहर





- संवाददाता -
अंबिकापुर,28 मार्च 2023
(घटती-घटना)।

श्रीराम संगठन द्वारा मंगलवार को श्रद्धा व उल्लास के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा शहर के गांधी चौक स्थित दुर्गा मंदिर से निकल कर गांधी चौक होते हुए घड़ी चौक से देवीगंज रोड होते हुए समलाया मंदिर पहुंची। यहां पूजा अर्चना की गई। इसके बाद शोभायात्रा महामाया मंदिर पहुंची। यहां आरती की गई। इसके बाद प्रसाद वितरण के बाद शोभायात्रा समाप्त हुई। शोभायात्रा में करीब दस हजर से ज्यादा लोग शामिल हुए। शोभायात्रा में रथ पर सवार राम, लक्ष्मण व सीता की झांकी आकर्षक का केन्द्र रहा।

चैत्र नवरात्र पर भी लोगों में खास उल्लास देखा जा राहा है। देवी मंदिरों में प्रति दिन दर्शन के लिए काफी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। नवरात्र के पहले दिन से ही पूरा शहर भागवामय हो गया है। पूरे शहर में भागवा झंडा से पटा पड़ा है। वहीं चैत्र नवरात के सातवें दिन श्रीराम संगठन द्वारा मंगलवार को शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा गांधी चौक स्थित दुर्गा मंदिर से शाम को 4.30 बजे निकाली गई। शोभायात्रा गांधी चौक होते हुए घड़ी चौक पहुंची। यहां करीब आधे घंटे से अधिक समय तक लोग जश्न मनाते नजर आए। लोग जयश्री राम के जयकारें लगा रहे थे। लोग सफेद लिवास व कंधे पर भागवा गमछा के साथ जमकर जयकारे लगाते हुए नाच रहे थे। इसके बाद शोभायात्रा धीरे-धीरे देवीगंज रोड होते हुए समलाया मंदिर पहुंची। यहां पूजा अर्चना की गई। महामाया मंदिर पहुंची और यहां आरती की गई इसके बाद शोभायात्रा समाप्त हुई। नवारात्र के सातवें दिन जय श्रीराम संगठन द्वारा निकाली गई शोभायात्रा का विभिन्न संगठनों द्वारा जगह-जगह स्वागत किया गया। इस दौरान महिलाओं ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। विभन्न संगठनों द्वारा शोभायात्रा में शामिल लोगों द्वारा ठंडा पानी व अन्य पेयपदार्थों की व्यवस्था की गई थी। जय श्रीराम संगठन द्वारा शोभायात्रा को लेकर पूर्व से ही तैयारी शुरू कर दी थी। नवरात्र के पहले दिन से ही शहर में भागवा झंडा व बैनर पोस्टर लगाने शुरू कर दिए थे। नवरात्र के सातवें दिन निकाले गए शोभायात्रा में 15 हजार से ज्यादा की संख्या में लोग शामिल हुए।

शोभायात्रा निकली तो लोगों के हाथों में भगवा झंडा लहरा रहे थे। इससे पूरे शहर का माहौल भगवामय हो गया। इस दौरान जय श्रीराम के नारों से पूरा शहर गूंजता रहा। शोभायात्रा में राम, लक्ष्मण और सीता की आकर्षक झांकी निकाली गई थी। राम, लक्ष्मण और सीता के रूप धारण किए बच्चे आकर्षक रथ पर सवार थे, जिनका जगह-जगह पुष्प वर्षा से स्वागत हुआ। महिलाओं ने आरती भी उतारी। राम, लक्ष्मण, सीता के रथ के आगे बजरंगबली की झांकी चल रही थी। हनुमान का रूप धारण किए एक युवा हाइड्रोलिक जिप पर सवार था, जो आकर्षण का केंद्र था।

# चीनी राष्ट्रपति बोले- ईरान और सऊदी शांति बनाए रखने के लिए तैयार,जानें इससे जिनपिंग को क्या फायदा

**बीजिंग,28 मार्च 2023।** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने मंगलवार को कहा कि हमें उम्मीद है कि ईरान और साऊदी अरब दोनों अपने संबंधों में सुधार करेंगे। जिससे पश्चिम एशिया के देशों को चुनौतियों का सामना करना पड़े। मीडिया रिपोर्ट्स का कहना है कि शी ने सऊदी क्राउन प्रिंस और प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन सलमान से फोन पर बात की। उन्होंने कहा कि उम्मीद है कि सऊदी अरब और ईरान अच्छे पड़ोसी की भावना को बनाए रखेंगे और बीजिंग में हुई बातचीत पर अमल करेंगे।

साऊदी और ईरान के बीच बातचीत बनाए रखने के लिए चीन अब भी तैयार है। शी ने कहा कि दोनों देशों के बीच सुलह और शांति समझौता बनाए रखने के लिए चीन तैयार है। साऊदी और ईरान के एक साथ आने से विकास तो होगा, लेकिन इससे मध्य पूर्व में क्या फर्क पड़ेगा, ये अब भी सवाल है।



### रूस-यूक्रेन के बीच शांति समझौते का रोडमैप तैयार

रिपोर्ट का कहना है कि मध्यपूर्व में अमेरिका का दखल कम होना चीन के लिए कूटनीतिक जीत है। क्योंकि इससे चीन अमेरिका के नेतृत्व वाली वैश्विक व्यवस्था का विकल्प पेश करता है। साऊदी-ईरान समझौते के बाद शी जिनपिंग 20 मार्च को रूम दौरे के दौरान यूक्रेन के साथ चल रहे युद्ध को खत्म कर शांति समझौता करने का रोडमैप तैयार किया है।

### युद्ध के कारण कीमतों में हो सकता है उतार-चढ़ाव

एक लोकल मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, रविवार को घोषित सौदे के तहत रियाद रूसी आपूर्ति पर अनिश्चितता के बीच ऊर्जा संबंधों को मजबूत करने के लिए एकीकृत रिफाइनरी और पेट्रोकेमिकल परिसर में निवेश करेगा। विश्लेषकों को उम्मीद है कि चीन भारी छूट वाले रूसी कच्चे तेल की खरीद जारी रखेगा।

विशेषज्ञ जोय झोउ का कहना है कि रूस-यूक्रेन युद्ध वैश्विक तेल आपूर्ति श्रृंखला को बाधित कर सकते हैं। जिससे बड़ी कीमत में उतार-चढ़ाव हो सकता है। झोउ ने कहा कि हम उम्मीद करते हैं कि मध्य पूर्वी कंपनियां चीनी कंपनियों के साथ संयुक्त उद्यमों में भाग लेने के लिए तैयार होंगी। ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उनके तेल के लिए एक सुरक्षित आउटलेट है।

# उत्तरी मैक्सिको के एक अप्रवासी केंद्र में लगी आग, करीब 39 लोगों के मारे जाने की आशंका, 30 अन्य घायल



**मैक्सिको सिटी, 28 मार्च 2023।** उत्तरी मैक्सिको में अमेरिकी सीमा के पास एक अप्रवासी केंद्र में आग लगने की घटना सामने आई है। बताया जा रहा है कि ये घटना सोमवार देर रात टेक्सास के एल पासो के पार सिउदाद जुआरेज में एक अप्रवासी केंद्र में हुई। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस घटना में करीब 40 प्रवासियों की मौत हो गई और 30 लोग घायल बताए जा रहे हैं। यह संख्या और बढ़ भी सकती है।

गौरतलब है कि संयुक्त राज्य अमेरिका में जाने वाले प्रवासियों के लिए सिउदाद जुआरेज एक प्रमुख क्रॉसिंग पॉइंट है। यहां स्थित केंद्रों में संयुक्त राज्य अमेरिका में शरण मांगने वाले लोग तब तक रखे जाते हैं जब तक कि उनके आग्रह पर कोई निर्णय नहीं हो जाता। जिस सेंटर में आग लगने की घटना सामने आई है वह भी ऐसा ही था।

समाचारपत्र 'डियारियो डी जुआरेज' ने चिहुआहुआ प्रांत अभियोजक के कार्यालय में अनाम स्त्रोतों के हवाले से बताया कि घटनास्थल पर एंबुलेंस, अग्निशमन कर्मी और वैन मौजूद हैं। राहत और बचाव कार्य चलाया जा रहा है। समाचारपत्र के मुताबिक, घायल लोगों को चार अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में यह भी कहा जा रहा है कि मैक्सिको के अटॉर्नी जनरल के कार्यालय ने जांच शुरू कर दी है और घटनास्थल पर जांचकर्ता मौजूद हैं।

# पेंशन सुधारों के विरोध में फ्रांस में प्रदर्शन, हड़ताली कर्मचारियों ने रेल पटरियां जाम कीं




**पेरिस,28 मार्च 2023।** फ्रांस में हड़ताली कर्मचारियों ने पेंशन सुधारों के विरोध के बीच मंगलवार को पेरिस स्टेशन की ओर जाने वाली रेल की पटरियों को जाम कर दिया। अलोकप्रिय पेंशन सुधारों के खिलाफ देशव्यापी विरोध-प्रदर्शन चल रहा है। इसी बीच हड़ताली कर्मचारियों ने जलती हुई मशालों को लहराते हुए पेरिस के मुख्य रेलवे स्टेशनों में से एक की रेल पटरियों को जाम कर दिया।

दर्जनों रेलकर्मियों ने झंडे और फ्लेयर्स के साथ फ्रांस के छह बड़े मेनलाइन रेलवे स्टेशनों में से एक गारे डे ल्योन (त्ड्डह्द्ग स्र्द्ग स्न्श्ठ्ठ) के बाहर पटरियों पर मार्च किया। यह मामला एक फ्रांसीसी मंत्री द्वारा चेतावनी देने के बाद सामने आया है। मंत्री ने कहा था कि हिंसक प्रदर्शनकारियों का इरादा ÷नष्ट करना, घायल करना और मारना÷ है। गृह मंत्री गेराल्ड डर्मैनिन ने कहा कि आशंका है कि हिंसा देश भर में नियोजित प्रदर्शनों को प्रभावित कर सकती है।

उन्होंने कहा कि 1,000 से अधिक कट्टरपंथी उपद्रवी, जिनमें से कुछ विदेशों से आए हैं, पेरिस और अन्य शहरों में नियोजित शांतिपूर्ण मार्च में शामिल हो सकते हैं। मंत्री ने सोमवार को पुलिस द्वारा किए जा रहे उपायों का विवरण देते हुए कहा कि वे पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को नष्ट करने, घायल करने और मारने के लिए आए हैं। उनका पेंशन सुधार से कोई लेना-देना नहीं है। उनका लक्ष्य हमारे गणतंत्रीय संस्थानों को अस्थिर करना और फ्रांस में खून बहाना और आग लगाना है।

केंद्रीय नेताओं और राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के राजनीतिक विरोधियों ने हाल के सप्ताहों में भड़की विरोध हिंसा के लिए उनकी सरकार को दोषी ठहराया है। उनका कहना है कि उनके पेंशन सुधार कार्यक्रम इस हिंसा को चिंगारी दे रहे हैं। आलोचकों का यह भी आरोप है कि पुलिस अधिकारी प्रदर्शनकारियों के खिलाफ अत्यधिक बल प्रयोग कर रहे हैं। एक पुलिस निरीक्षण निकाय अधिकारियों द्वारा गलत काम करने के कई दावों की जांच कर रहा है।

अलोकप्रिय पेंशन सुधारों के लिए संसद के निचले सदन में बहुमत हासिल करने में असमर्थ मैक्रों ने एक विशेष संवैधानिक शक्ति का उपयोग करके प्रदर्शनकारियों के गुस्से को और भड़का दिया।

# यूएनएससी में रूस को झटका,नॉर्ड स्ट्रीम पाइपलाइन में तोड़फोड़ पर रूसी प्रस्ताव खारिज

**न्यूयॉर्क,28 मार्च 2023।** रूस से यूरोप तक जाने वाली गैस पाइपलाइनें- नॉर्ड स्ट्रीम-1 और नॉर्ड स्ट्रीम-2 में कथित तोड़फोड़ के लिए रूस ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जांच की मांग की और इसके लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में एक प्रस्ताव लेकर आया, लेकिन यूएनएससी ने प्रस्ताव का समर्थन नहीं किया। रूसी समाचार एजेंसी तास (ञ्जस्स्) ने बताया कि यूएनएससी ने सोमवार को नॉर्ड स्ट्रीम में तोड़फोड़ की अंतरराष्ट्रीय जांच पर रूस और चीन के प्रस्ताव का समर्थन नहीं किया।

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक में सोमवार (27 मार्च) को रूस से जर्मनी तक नॉर्ड स्ट्रीम गैस पाइपलाइनों में पिछले साल हुई तोड़फोड़ की स्वतंत्र जांच की मांग करने वाले मॉस्को के प्रस्ताव को खारिज कर दिया गया। पश्चिमी देशों ने सितंबर 2022 में बाल्टिक सागर के नीचे हुए विस्फोटों के लिए रूस को जिम्मेदार ठहराया है, लेकिन रूस ने इसके लिए पश्चिम पर तबाही का आरोप लगाया है।




रूस और चीन के प्रस्ताव का सिर्फ तीन देशों ने समर्थन किया और 12 देशों ने मतदान में भाग नहीं लिया। इस प्रकार, अनुमोदन के लिए आवश्यक नौ वोट प्राप्त करने में यह प्रस्ताव विफल रहा। प्रस्ताव को रूस, चीन और ब्राजील ने समर्थन दिया, जबकि अल्बानिया, ब्रिटेन, गैबॉन, घाना, माल्टा, मोजाम्बिक, यूएई, अमेरिका, फ्रांस, स्विट्जरलैंड, इक्काडोर और जापान मतदान से दूर रहे।

प्रस्ताव को बेलारूस, वेनेजुएला, डीपीआरके, निकारागुआ, सीरिया और इरिट्रिया ने भी समर्थन दिया था। हालांकि, ये देश सुरक्षा परिषद के सदस्य नहीं हैं इसलिए उन्होंने मतदान में भाग नहीं लिया। बता दें कि यूएनएससी में एक प्रस्ताव को अपनाने के लिए कम से कम नौ सुरक्षा परिषद सदस्यों का समर्थन होना चाहिए। स्थायी सदस्यों में से कोई भी इसे वीटो कर सकता है, लेकिन ऐसा तब हो सकता है जब प्रस्ताव को पारित करने के लिए आवश्यक संख्या में वोट प्राप्त होते हैं। यदि प्रस्ताव को आठ मत प्राप्त होते हैं और अमेरिका इसके विरुद्ध मत देता है, तो इसका अर्थ है कि वीटो का उपयोग नहीं किया गया था।हालांकि, यदि दस्तावेज को नौ या अधिक मत प्राप्त होते हैं, तो इसके विरुद्ध मतदान करने पर वीटो शक्ति का उपयोग होगा।

### वोटिंग के बाद रूस ने लगाया पक्षपात का आरोप

संयुक्त राष्ट्र में रूसी दूत वासिली नेबेंजिया ने कहा, हमें कुछ यूरोपीय राज्यों की ओर से दी गई राष्टीय जांच की निष्पक्षता और पारदर्शिता के बारे में बहुत अच्छे से ध्यान है। उन्होंने बढ़ते संदेह की ओर इशारा किया कि तीन जांचों का उद्देश्य ÷तोड़फोड़ के कृत्यों के साथ क्या हुआ, इस पर प्रकाश डालना नहीं है, बल्कि सबूतों को छिपाना और अपराध स्थल को साफ करना है। उन्होंने आगे कहा, मुझे लगता है कि आज के मतदान के बाद, नॉर्ड स्ट्रीम पर तोड़फोड़ के पीछे कौन है, इस पर संदेह स्पष्ट हो गया है।

### अमेरिका ने कराया था नॉर्ड स्ट्रीम गैस पाइपलाइन में ब्लास्ट?

अमेरिकी पत्रकार सीमोर हर्श का सनसनीखेज दावा खारिज कर दिया गया है। पत्रकार ने दावा किया था कि बाल्टिक सागर में नॉर्ड स्ट्रीम अंडरवाटर गैस पाइपलाइन को अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के इशारे पर उड़ाया गया था। दावा था कि अमेरिकी नौसेना के गोताखोरों ने नॉर्वे की मदद से पिछले जून में पाइपलाइनों पर विस्फोटक लगाए और तीन महीने बाद उन्हें विस्फोट कर दिया।

# लंबे सियासी करियर में ऐसा अपमान कभी नहीं झेलना पड़ा नेतन्याहू को

**तेल अवीव, 28 मार्च 2023।** लगातार जारी विरोध प्रदर्शनों के कारण इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को अपने 'न्यायिक सुधार कानून' को फिलहाल वापस लेना पड़ा है। विश्लेषकों की राय है कि इस्राइल की जमीनी हालत से कट जाने के कारण प्रधानमंत्री को यह शर्मिंदगी झेलनी पड़ी है। कानून को 'अस्थायी रूप से' वापस लेते हुए नेतन्याहू ने सोमवार को कहा कि अपने विरोधियों को 'संवाद का वास्तविक मौका' दे रहे हैं।

साथ ही नेतन्याहू ने अपने गठबंधन सहयोगियों को आश्वासन दिया कि अभी भी वे इस कानून को पारित कराने के लिए संकल्पबद्ध हैं। इसके बावजूद सत्ताधारी गठबंधन के समर्थकों की एक बड़ी भीड़ सोमवार रात सड़कों पर उतर आई। वह 'न्यायिक सुधार' वापस लेने की प्रधानमंत्री की घोषणा पर विरोध जता रही थी।

इस्राइली मीडिया की टिप्पणियों में संदेह जताया गया है कि नेतन्याहू अब सचमुच इस कानून को वापस लागू कर पाएंगे। अगर नेतन्याहू इस स्थिति



में होते, तो उन्हें कानून को वापस नहीं लेना पड़ता। कदम पीछे खींचने से ठीक एक दिन पहले रविवार को उन्होंने अपने रक्षा मंत्री योआव गैलेंट को इसी मुद्दे पर बर्खास्त कर दिया था। उससे देश में गुस्सा और फैल गया। रक्षा मंत्री की बर्खास्तगी की खबर फैलते ही रात दस बजे हजारों लोग अपने घरों से निकल कर प्रधानमंत्री आवास की तरफ चल पड़े। पुलिस के लिए भीड़ को संभावना असंभव हो गया। इसके बावजूद प्रदर्शनकारियों ने प्रधानमंत्री आवास पर धावा नहीं बोला, जबकि वे ऐसा करने की स्थिति में थे।

इस्राइल में जन-विरोध का सिलसिला तीन महीने से चल रहा है। विरोध प्रदर्शन आम तौर पर शांतिपूर्ण रहे हैं। गुजरे महीनों के दौरान इनमें भाग लेने वाले लोगों की संख्या बढ़ती चली गई। इसका इस्राइल के आम जीवन पर खराब असर पड़ा। 'न्यायिक सुधार' कानून की योजना न्याय मंत्री यारिव लेविन ने बीते चार जनवरी को पेश की थी। विपक्ष ने इसे सुप्रीम कोर्ट का गला घोंटने की कोशिश बताया। इस्राइल में लिखित संविधान नहीं है, इसलिए वहां शासन तंत्र में संतुलन बनाए रखने में सुप्रीम कोर्ट की महत्त्वपूर्ण भूमिका मानी जाती है। जबकि प्रस्तावित कानून को लेकर यह राय बनी कि इसके जरिए सुप्रीम कोर्ट को सरकार और संसद के मातहत लाने की कोशिश की जा रही है।

अखबार द हारेट्ज ने अपने एक विश्लेषण में कहा है कि प्रधानमंत्री ने जन संपर्क की अनदेखी कर सबसे बड़ी गलती की। उन्होंने प्रस्तावित कानून के बारे में जनमत बनाने की कोशिश नहीं की। ऐसा शायद उन्होंने अति आत्म-विश्वास के कारण किया। दूसरी गलती उन्होंने जन प्रदर्शनों की ताकत की अनदेखी करके किया। शायद उन्हें लगा कि ये प्रदर्शन वामपंथी समूहों की तरफ से किए जा रहे हैं, जिनके साथ जन समर्थन नहीं है। जबकि इन प्रदर्शनों को कारोबारी समुदाय, टेक्नोलॉजी सेक्टर और आम लोगों का भी समर्थन मिल रहा था।

नेतन्याहू ने तीसरी और सबसे बड़ी गलती रविवार रात रक्षा मंत्री गैलेंट को बर्खास्त करके की। यह कदम उन्होंने सेनाध्यक्षों की राय को नजरअंदाज करते हुए उठाया। इससे साफ संकेत मिला कि नेतन्याहू इस्राइल की जमीनी सूरत से कट गए हैं।



### मध्य इक्वाडोर में भूस्खलन से 16 लोगों की मौत

**क्विटो,28 मार्च, 2023।** मध्य इक्काडोर के चिम्बोराजो प्रांत के अलौसी कैंटन में बीती रात हुए भीषण भूस्खलन में कम से कम 16 लोगों की मौत हो गयी और 16 अन्य घायल हो गये। जोखिम प्रबंधन सचिवालय ने सोमवार को यह जानकारी दी। सात लोग अभी भी लापता हैं और भूस्खलन से 500 से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। भूस्खलन से अनगिनत घर नष्ट हो गए , 65 प्रतिशत प्रमुख सड़के क्षतिग्रस्त हो गई और 25 प्रतिशत स्ट्रीटलाइट काम नहीं कर रही हैं। सचिवालय ने कहा कि समुदायों और शहरों के लिए सौ प्रतिशत परिवहन सेवा प्रभावित हुई है। देश की ईसीयू 911 एकीकृत आपातकालीन हॉटलाइन और सेवा ने बीती रात एक चेतावनी जारी की और तुरंत खोज और बचाव दल को ग्रामीण क्षेत्र में भेज दिया। राष्ट्रपति के संचार सचिवालय ने एक बयान में कहा कि जिन लोगों ने अपना घर खो दिया है।

# बाइडन का डेमोक्रेसी समिट बन गया शहबाज शरीफ के गले की फांस

**वॉशिंगटन,28मार्च 2023।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन की तरफ से आयोजित लोकतंत्र शिखर सम्मेलन ने पाकिस्तान को गहरे असमंजस में डाल दिया है। पाकिस्तान उन 120 देशों में शामिल हैं, जिन्हें इस शिखर सम्मेलन में आमंत्रित किया गया है। लेकिन सोमवार रात तक पाकिस्तान सरकार यह तय नहीं कर पाई थी कि वह इसमें हिस्सा लेगी या नहीं। दिसंबर 2021 में हुए पहले लोकतंत्र शिखर सम्मेलन के लिए भी पाकिस्तान को न्योता दिया गया था, लेकिन तत्कालीन प्रधानमंत्री इमरान खान ने हिस्सा लेने से इनकार कर दिया था।



पाकिस्तान सरकार के सूत्रों ने मीडिया को बताया है कि सोमवार देर रात तक इस बारे में उच्च स्तर पर चर्चा चलती रही। पाकिस्तान सरकार को असमंजस इस बात को लेकर है कि अमेरिका ने इस सम्मेलन में चीन और तुर्किये को आमंत्रित नहीं किया है। जबकि ताइवान को इसमें बुलाया गया है। सम्मेलन के बारे में आम धारणा है कि यह चीन को घेरने की अमेरिकी रणनीति का हिस्सा है। इसलिए शहबाज शरीफ सरकार इस बात को लेकर आशंकित है कि उसके इसमें इसमें भाग लेने से चीन नाराज हो सकता है। तुर्किये को भी ये बात पसंद नहीं आएगी, जो पाकिस्तान का निकट सहयोगी देश है।

दिसंबर 2021 में तत्कालीन सरकार ने यह कहते हुए अमेरिकी न्योता स्वीकार नहीं किया था कि जो बाइडन ने अमेरिका का राष्ट्रपति बनने के बाद से बाकी देशों के नेताओं को फोन किया, लेकिन तत्कालीन प्रधानमंत्री इमरान खान से बात नहीं की थी। इसके अलावा इमरान खान से लाइव भाषण देने के बजाय अपने भाषण की वीडियो रिकॉर्डिंग भेजने को कहा गया था, जिसे तत्कालीन सरकार ने पाकिस्तान के लिए अपमानजनक माना था।

तत्कालीन सरकार ने कूटनीतिक भाषा में एक बयान जारी किया था, जिसमें आमंत्रण देने के लिए अमेरिका को धन्यवाद दिया गया और कहा गया कि प्रधानमंत्री सही वक्त पर अमेरिका से संपर्क करेंगे। इमरान खान सरकार के इस रुख का चीन ने सार्वजनिक रूप से स्वागत किया था। उससे यह संदेश गया था कि पाकिस्तान ने वह फैसला चीन के इशारे पर लिया।

लेकिन इस बार नए हालात हैं, जिनसे शहबाज शरीफ सरकार के लिए अधिक मुसीबत खड़ी हुई है। शरीफ सरकार के सत्ता में आने के बाद से अमेरिका और पाकिस्तान के बीच उच्चस्तरीय संपर्क बना रहा है और दोनों देशों के बीच संबंधों में सुधार की प्रक्रिया आगे बढ़ी है। इसके अलावा पाकिस्तान आईएमएफ से कर्ज पाने के लिए बेसब्र है। अमेरिका की नाराजगी से इसमें रुकावट आ सकती है।

विश्लेषकों के मुताबिक अमेरिका की तरफ आम झुकाव के बावजूद शहबाज शरीफ सरकार ऐसे कोई कदम नहीं उठाना चाहती, जिससे चीन नाराज हो। चीन अकेला देश है, जिसने मौजूदा संकट के बीच पाकिस्तान को आर्थिक मदद दी है।

# कनाडा में महात्मा गांधी की प्रतिमा क्षतिग्रस्त, खालिस्तान समर्थकों पर लगे आरोप

**टोरंटो,28 मार्च 2023।** कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत में एक यूनिवर्सिटी कैंपस में स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त करने की खबर सामने आई है। महात्मा गांधी की प्रतिमा को निशाना बनाने की एक ही महीने में यह दूसरी घटना है। इससे पहले ओंटारियो प्रांत में भी महात्मा गांधी की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त किया गया था। जिसका आरोप खालिस्तान समर्थकों पर लगा था। ताजा मामले में भी खालिस्तान समर्थकों पर ही आरोप लग रहे हैं।



यूनिवर्सिटी कैंपस में महात्मा गांधी की प्रतिमा की क्षतिग्रस्त


खबर के अनुसार, ब्रिटिश कोलंबिया में स्थित साइमन फ्रेजर यूनिवर्सिटी के बर्नबे कैंपस में स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा को निशाना बनाया गया है। जिस पर वैंकुवर के महावाणिज्य दूत ने नाराजगी जाहिर करते हुए घटना की निंदा की और दोषियों की पहचान कर कड़ी सजा देने की मांग की। भारतीय विदेश मंत्रालय ने भी इस पर बयान जारी किया है। जिसमें कहा है कि कनाडाई अथॉरिटीज से अपील की गई है कि वह मामले की जांच कर जल्द दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करें।

इससे पहले बीती 23 मार्च को ओंटारियो प्रांत के हेमिल्टन शहर के सिटी हॉल स्थित प्रतिमा को क्षतिग्रस्त किया था। ओंटारियो की घटना का खालिस्तान समर्थकों पर आरोप लगे थे। बता दें कि कनाडा में महात्मा गांधी की प्रतिमा और हिंदू मंदिरों को निशाना बनाने की घटनाएं लगातार देखने को मिल रही हैं। बीते साल जुलाई में रिचमंड हिल स्थित विष्णु मंदिर में भी महात्मा गांधी की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त किया गया था। बीती 13 फरवरी को मिसिसोगा में खालिस्तान समर्थकों ने मंदिर की दीवारों पर भारत विरोधी नारे लिख दिए थे। इस पर भारतीय उच्चायुक्त ने कड़ी नाराजगी जाहिर की थी।

# चीन से सावधान,पाकिस्तान वाशिंगटन में होने वाले लोकतंत्र शिखर सम्मेलन से बाहर हुआ

**इस्लामाबाद,28 मार्च 2023।** चीन के सबसे करीबी सहयोगी पाकिस्तान ने लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने के लिए अमेरिका के साथ द्विपक्षीय रूप से जुड़ने के बजाय मंगलवार को वाशिंगटन में शुरू होने वाले लोकतंत्र शिखर सम्मेलन से बाहर होने का फैसला किया है। यह ÷लोकतंत्र के लिए महापौरों की वैश्विक घोषणा÷ विषय पर अमेरिकी विदेश मंत्रालय और अंतरराष्ट्रीय विकास के लिए अमेरिकी एजेंसी (यूएसएआईडी) द्वारा सह-प्रायोजित एक वर्चुअल शिखर सम्मेलन है।

इस वर्चुअल शिखर सम्मेलन में चीन और तुर्किये को आमंत्रित नहीं किया गया है। शिखर सम्मेलन में पाकिस्तान की भागीदारी पिछले कुछ समय से गहन चर्चा का विषय रही है। अधिकारियों ने कहा कि इस्लामाबाद ने इस कार्यक्रम से बाहर होने का रास्ता चुना ताकि वह अपने ÷सदाबहार सहयोगी÷ चीन को परेशान न कर सके।




पाकिस्तान के विदेश कार्यालय के प्रवक्ता ने मीडिया को बताया कि शिखर सम्मेलन की प्रक्रिया अब विकसित चरण में है और इसलिए, पाकिस्तान लोकतांत्रिक सिद्धांतों और मूल्यों को बढ़ावा देने और मजबूत करने और मानवाधिकारों को आगे बढ़ाने और भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई की दिशा में काम करने के लिए अमेरिका और शिखर सम्मेलन के सह-मेजबानों के साथ द्विपक्षीय रूप से संलग्न होगा। हालांकि, विदेश कार्यालय ने लोकतंत्र के दूसरे शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए पाकिस्तान को आमंत्रित करने के लिए अमेरिका को धन्यवाद दिया।

विदेश कार्यालय ने कहा, हम अमेरिका के साथ अपनी दोस्ती को महत्व देते हैं। बाइडन प्रशासन के कार्यकाल में यह संबंध व्यापक रूप से विस्तारित हुआ है। हम क्षेत्र में शांति, स्थिरता और समृद्धि के लिए इस रिश्ते को और मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। तीन दिवसीय शिखर सम्मेलन कार्यक्रम लोकतांत्रिक मूल्यों की पुष्टि और दुनिया भर में लोकतंत्र के नवीकरण में शहरों और उप-राष्ट्रीय सरकारों की भूमिका को प्रदर्शित करेगा।

अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन मंगलवार को यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की की विशेषता वाले ÷ए जस्ट एंड लास्टिंग पीस इन यूक्रेन÷ पर एक पैनल सत्र की अध्यक्षता करेंगे।

CMYK

# गांव में शेर आने की शंका से ग्रामीण दहशत में

» वन विभाग पुष्टि करने में दिनभर लगा रहा किस जानवर ने गाय के बछड़े का शिकार किया

- संवाददाता -
वाड्रफनगर,28 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

बलरामपुर जिले के वन परीक्षेत्र वाड्रफनगर के अंतर्गत कैलाशपुर में एक गाय के बछड़े का किसी जंगली जानवर द्वारा शिकार किया गया है और कई लोगों का कहना है, कि टाइगर फिर वापस आ गया हैं। हालांकि वन विभाग अभी इस बात की पुष्टि नही की है कि गाय के बछड़े का शिकार बाघ ने किया है, फिलहाल विभाग के लोग पता लगाने में जुटा है की किस जानवर ने इस गाय के बछड़े का शिकार किया है।

प्राप्त जानकारी अनुसार विकासखंड के ग्राम कैलाशपुर निवासी जय सिंह पिता जगरनाथ जाति गोड नित्य दिन की तरह शाम को गौशाला में अपने दर्जनों गाय बैल को बांधकर घर में सो गए सुबह उठकर देखा तो एक बछड़ा मृत पड़ा था गाय के बछड़े के पेट में बड़ा सा छेद और बछड़ा के मुंह पर चोट के निशान लगे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि शेर इस बछड़े का शिकार किया है।



दरअसल वन परीक्षेत्र से लगे हुए तमाम गांव वन संपदा से प्राप्त होने वाले उपज पर निर्भर रहते हैं। इनकी साल भर की जमा पूंजी इन्हीं वन संपदा से प्राप्त होता है। जोकि राज्य सरकार भी भली-भांति जानती है। यही वजह है की वन संपदा को लेकर समर्थन मूल्य राज्य सरकार ने तय की है।और इन दिनों जंगल में महुआ चुनने जा रहे हैं। वही आपको बता दें की इस और हाथियों का एक झुंड भी विचरण कर रहा है, वन विभाग लगातार लोगों को इस जंगल में विचरण करने से मना कर रही है क्योंकि हाथी अभी भी यहां मौजूद है। वही अब मांसाहारी किसी बड़े जानवर के इस जंगल में मौजूदगी से भी इनकार नहीं किया जा सकता है। ऐसे में गांव वालों और जानवरों के बीच संघर्ष होना लाजमी है क्योंकि गांव के लोग सुबह की लाली मां के साथ जंगल किनारे नजर आते हैं और सूरज चढ़ते हैं वे जंगल में प्रवेश कर जाते हैं ,ताकि वे महुआ वगैरा चुन सके और साल भर के लिए अपनी आजीविका का साधन जुटा सकें। समाचार लिखे जाने तक वन विभाग के द्वारा पुष्टि नहीं हो पाया था किस जानवर ने बछड़े का शिकार किया है।

*जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर रवाना हो गई थी और जांच में जुटी है किस जानवर बछड़े का शिकार किया है शेर आने की पुष्टि अभी नहीं हो पाई है अगर शेर शिकार बछड़े का किया है तो विभाग की तरफ से जो मुआवजा राशि बनेगा उसे दिया जाएगा।*

**उत्तम मिश्रा**
**वन परीक्षेत्राधिकारी**
**वाड्रफनगर**

# प्रशासन द्वारा की जाएगी बेरोजगारी भत्ता आवेदन भरने के लिए निःशुल्क व्यवस्था

- संवाददाता -
अम्बिकापुर,28 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

कलेक्टर कुन्दन कुमार ने 1 अप्रैल से शुरू हो रहे बेरोजगारी भत्ता आवेदन की तैयारी की समीक्षा करते हुए आवेदकों को ऑनलाइन आवेदन भरने में कोई दिक्कत न हो इसके लिए पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए। उन्होंने महाविद्यालय, आईटीआई, लाइवलीहुड कॉलेज, कॉमन सर्विस सेंटर में ऑनलाइन आवेदन भरने की निःशुल्क व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने कहा कि बेरोजगारी भत्ता से संबंधित व्यापक जानकारी देने के लिए महाविद्यालयों, आईटीआई, लाइवलीहुड कॉलेज में निर्धारित तिथि अनुसार विस्तृत जानकारी दें ताकि आवेदन भरने में किसी प्रकार की भ्रम की स्थिति आवेदकों में न रहे। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा बेरोजगारी भत्ता के संबंध में मार्गदर्शिका जारी कर दिया गया है। उसी के अनुसार पात्र और अपात्र की जानकारी दें। उन्होंने आय प्रमाण पत्र जारी करने के लिए पटवारियों को आय का आंकलन के लिए तहसील में प्रशिक्षण दिलाएं तथा आवश्यक सावधानी बरतने के निर्देश दिए जाएं। उन्होंने कहा कि निर्देशिका अनुसार आवेदक के परिवार का समस्त स्त्रोतों से वार्षिक आय ढाई लाख से कम होनी चाहिए।








कलेक्टर ने छत्तीसगढ़ सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण की तैयारी की समीक्षा करते हुए कहा कि 31 मार्च 2023 तक प्रत्येक चरण की प्रशिक्षण पूरी हो जानी चाहिए ताकि 1 अप्रैल 2023 से प्रगणक घर-घर जाकर सर्वेक्षण का काम सुचारू रूप से शुरू कर सकें। उन्होंने कहा कि जिले के सभी 571 गांवों में प्रगणक दल का गठन किया जाना है। प्रगणकों द्वारा किए जा रहे सर्वेक्षण की मॉनिटरिंग के लिए कलस्टर सुपरवाइजर नियुक्त होंगे। तहसीलदार एवं एसडीएम प्रगणकों के द्वारा किए जा रहे सर्वेक्षण कार्य का प्रतिदिन मॉनिटरिंग करेंगे। उन्होंने कहा कि सर्वेक्षण प्रपत्र भरने में सावधानी रखें ताकि किसी प्रकार की त्रुटि की संभावना न रहे। कलेक्टर ने ग्रीष्म ऋतु में पेयजल की समस्या न हो इसके लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को समस्या वाले गांव का चिन्हांकन कर आवश्यकता नुसार बोरिंग में इरेजर पाइप डालने तथा नए नलकूप खनन की आवश्यकता हो तो नलकूप खनन कराने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप, डीएफओ श्री पंकज कमल, अपर कलेक्टर एएल ध्रुव सहित एसडीएम, तहसीलदार एवं विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

## कुटीर उद्योग स्थापना हेतु उद्यमियों को रीपा में आबंटित होगी जमीन

- संवाददाता -
अम्बिकापुर,28 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

राज्य शासन द्वारा कुटीर, सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए ग्रामीण एवं कुटीर उद्योग नीति 2023-24 घोषित की गई है। इस नीति के तहत कुटीर, सूक्ष्म एवं लघु उद्योग की स्थापना के लिए महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क में स्थित भूमि का आबंटन इच्छुक उद्यमियों को किया जाएगा।

जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक ने बताया है कि कुटीर उद्योग स्थापना के लिए भूमि का आबंटन प्रथमतः अधिकतम 30 वर्षों हेतु पट्टा विलेख पर इन नियमों के अंतर्गत वर्णित प्रावधानों के अनुसार किया जाएगा। आवेदन पत्र के साथ संलग्न परियोजना प्रतिवेदन के आधार पर तथा औचित्यपूर्ण होने की स्थिति में एक आवेदक को अधिकतम 20000 वर्ग फूट भूमि का आबंटन किया जाएगा।

ज्ञातव्य है कि जिले के अम्बिकापुर जनपद के दरिमा व मेण्ड्राकला, बतौली जनपद के तरागी व मंगारी, लखनपुर जनपद के कुंवरपुर व पुहपुटरा, लुण्ड्रा जनपद के बटवाही व असकला, मैनपाट जनपद के राजापुर व डांगबुडा, सीतापुर जनपद के सुर व सोनतराई, उदयपुर जनपद के कंवलगिरी व जजगा गोठान का चयन रीपा के लिए किया गया है।

# अनाधिकृत विकास व निर्माण के 28 प्रकरण हुए निराकृत




» '12 प्रकरणों के नियमितीकरण के लिए 1.50 लाख शास्ति अधिरोपित'

» 16 प्रकरणों का हुआ निःशुल्क नियमितीकरण

- संवाददाता -
मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, 28 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

कलेक्टर पी.एस. ध्रुव की अध्यक्षता में बीते दिनों कलेक्टर कक्ष में आयोजित छत्तीसगढ़ अनाधिकृत विकास व निर्माण के नियमितीकरण प्राधिकारी समिति की बैठक में कुल 28 प्रकरणों का निराकरण किया गया, जिसमें नगरीय क्षेत्र के 14 एवं ग्रामीण क्षेत्रों 14 कुल 28 प्रकरण शामिल है। बैठक में पुलिस अधीक्षक टी.आर. कोशिमा, नगर पालिका के उप-अभियंता प्रेमप्रकाश दुबे और सदस्य सचिव सहायक संचालक नगर तथा ग्राम निवेश संजूलाल सिंघ उपस्थित थे।

बैठक में छत्तीसगढ़ शासन की विशेष योजना के अंतर्गत आने वाले नियमितीकरण के ऐसे प्रकरण जो 120 वर्ग मीटर के दायरे में आते हैं, उनका निःशुल्क नियमितीकरण किया जाना है। इसके अंतर्गत नगरीय क्षेत्र के 08 एवं ग्रामीण क्षेत्र के 08 प्रकरण कुल 16 प्रकरणों को निःशुल्क नियमित किया गया तथा शेष 12 प्रकरणों में राशि एक लाख 50 हजार 896 रूपये शास्ति अधिरोपित की गई। कलेक्टर एवं नियमितीकरण प्राधिकारी समिति के अध्यक्ष ध्रुव ने बैठक में आयुक्त नगर निगम चिरमिरी व समस्त नगर पालिका अधिकारियों को नियमितीकरण के संबंधित प्रकरणों को तेजी से निराकृत करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को आगामी बैठक में अनाधिकृत विकास एवं निर्माण के 100 प्रकरण प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिए। गौतलब है कि मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में नगरीय क्षेत्रों में अनाधिकृत विकास एवं निर्माण को नियमितीकरण के दायरे में लाने के लिए विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। नगरीय निकायों के अधिकारी छत्तीसगढ़ शासन की इस विशेष योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के साथ ही अनाधिकृत विकास एवं निर्माण के दायरे में आने वाले मामलों के बारे में संबंधितों से आवेदन लेकर उसका निराकरण भी तेजी से कर रहे हैं। कलेक्टर पी.एस. ध्रुव के मार्गदर्शन में वार्डवार शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इससे पूर्व आयोजित प्राधिकारी समिति की बैठक में कुल 15 प्रकरणों का निराकरण किया गया, जिसमें कुल 12 लाख 95 हजार 322 रूपए की शास्ति अधिरोपित की गई थी। निराकृत प्रकरणों में 11 प्रकरण आवासीय, 02 प्रकरण गैर आवासीय तथा 02 प्रकरण 120 वर्ग मीटर के दायरे वाले थे। गौरतलब है कि शासन के निर्देशानुसार 14 जुलाई 2022 से अनाधिकृत विकास व निर्माण के नियमितीकरण के तहत आवेदन लेने की प्रक्रिया प्रारंभ हुई है और इस तिथि से एक वर्ष के अंदर ही नियमितीकरण के लिए आवेदन किया जा सकता है। सहायक संचालक नगर तथा ग्राम निवेश ने बताया कि नियमितीकरण का आवेदन फार्म आर्किटेक्ट के जरिए जमा कराना होगा। इसके साथ लीज, लायसेंस, आबंटन संबंधी दस्तावेज जो जीवित हो जमा करना होगा। भवन का निर्माण अधिसूचित तिथि के पूर्व यानी कि 14 जुलाई 2022 होने का प्रमाण पत्र, बिजली बिल, सम्पत्तिकर की प्रति तथा अन्य आवश्यक स्वप्रमाणित दस्तावेज देना होगा। निगम से पंजीकृत वास्तुविद या आर्किटेक्ट के द्वारा तैयार भवन मानचित्र, बिल्डिंग प्लान की प्रति सक्षम अधिकारी द्वारा स्वीकृत भवन अनुज्ञा, भवन पूर्णता प्रमाण पत्र की छाया प्रति यदि उपलब्ध हो तो शपथ पत्र अ एवं ब में अनाधिकृत विकास के नियमितीकरण कराने के लिए देना होगा।

# न्यायालयीन प्रकरणों में समय पर जवाब दावा प्रस्तुत करने के दिये निर्देश

- संवाददाता -
बलरामपुर,28 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

कलेक्टर विजय दयाराम के. ने विभागों में संचालित शासन की विभिन्न योजनाओं की गहन समीक्षा की। साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री जनचौपाल, जनदर्शन, जन शिकायत, सीजी पोर्टल, कलेक्टर जन चौपाल में विभिन्न विभागों में लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए समय-सीमा पर निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। कलेक्टर ने उच्च न्यायालय के प्रकरणों में समय पर जवाब दावा प्रस्तुत करने के निर्देश दिये।







संयुक्त जिला कार्यालय भवन के सभा कक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने गोधन न्याय योजना के अंतर्गत गोबर क्रय एवं वर्मी कम्पोस्ट के उठाव की स्थिति तथा गोमूत्र क्रय एवं गोमूत्र उत्पाद की जानकारी ली। उन्होंने मुख्यमंत्री हाट-बाजार क्लिनिक योजना की विकासखण्डवार प्रगति की जानकारी लेते हुए अगले सत्र तक बड़े बाजारों को सूची में शामिल करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने आयुष्मान भारत के अंतर्गत जिले में शेष रह गए सभी हितग्राहियों का प्रमुखता से कार्य योजना बनाकर शत्-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश दिये। सौर सुजला योजना की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने योजना अंतर्गत स्वीकृत कार्यों का समय-सीमा में क्रियान्वयन नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए स्वीकृत कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये। बैठक में कलेक्टर ने मुख्यमंत्री जनचौपाल, जनदर्शन, जन शिकायत, सीजी पोर्टल, कलेक्टर जन चौपाल में विभिन्न विभागों में लंबित प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा करते हुए समय-सीमा पर निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। कलेक्टर ने उच्च न्यायालय के प्रकरणों में समय पर जवाब दावा प्रस्तुत करने के निर्देश दिये।

बैठक में जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती रेना जमील, अपर कलेक्टर श्री एस.एस.पैकरा, संयुक्त कलेक्टर श्री ज्ञानेंद्र सिंह ठाकुर, डिप्टी कलेक्टर श्री शशि चौधरी, श्रीमती इंदिरा मिश्रा, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बलरामपुर श्री भरत कौशिक, सर्व जिला स्तरीय अधिकारी, सर्व जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उपस्थित रहे।

# पी.एम आवास हितग्राहियों को शिविर लगाकर किया गया किश्त जारी

» विधायक प्रेमनगर खेलसाय ने क्लीक कर जारी की करोड़ो की राशि

- संवाददाता -
रामानुजनगर,28 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

पी.एम. आवास योजना के अंतर्गत खण्ड स्तरीय कार्यक्रम का आयोजना रामानुजनगर के सामुदायिक स्वास्थय केन्द्र के सभागार मे सरगुजा विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं विधायक प्रेमनगर के उपस्थिती मे आयोजित किया गया। सर्वप्रथम उपस्थित अध्यक्ष के द्वारा छत्तीसगढ महतारी की छाया चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलीत किया षिविर का आरंभ राजकीय गीत के साथ किया । जनपद पंचायत रामानुजनगर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संजय राय के द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत कर आवास योजना के उद्वदेष्य के विषय पर हितग्राहियों को जानकारी प्रदान किया। आवास योजना के जिला जिला समन्वयक दीपक साहू के द्वारा योजना के लक्ष्य, प्रतीक्षा सूची व योजनाओं के क्रियान्वयन आदि अनेको बिन्दुओं को विस्तार पूर्वक समझाया साथ ही ए स . डी . ए म . रामानुजनगर श्री उत्तम रजक जी ने योजनान्तर्गत जारी राषि का सदुपयोग कर अच्छा मकान समय पर बनाने हेतु कहा अन्यथा राशि की वसूली की कार्यवाही का भी प्रावधान होता है ऐसा राषि प्राप्त हितग्राहियों को बताया। तदोपरांत मुख्य अतिथि खेलसाय जी के द्वारा चयनित हितग्राहियों को जिन्हे इस योजना से आवास स्वीकृत हुई है उन्हे सांकेतिक रूप् से डिजिटल प्रशासकीय स्वीकृति आदेश जारी किया गया, इस योजना के अंतर्गत जनपद पंचायत रामानुजनगर मे कुल 605 नये आवास की स्वीकृति हाल मे ही प्रदान किया गया था, इस योजना के अंतर्गत वर्ष 2020 - 21 में रामानुजनगर जनपद अंतर्गत कुल 400 हितग्राहियों को 25000 रूप्ये के मान से एक करोड़ रूप्ये विधायक खेलसाय सिंह जी ने कम्प्यूटर के एक क्लीक मात्रा से सीधे हितग्राहियों के खाते मे हस्तांतरित किया इसके अलावा विगत वर्षो से लंबित निर्माणाधीन आवासों के लिए भी हितग्राहियों के खाते मे 1 लाख 42 हजार रूपये हस्तांतरिक किया गया साथ ही साथ इस वर्ष रामानुजनगर जनपद क्षेत्र से चयनित 1216 हितग्राहियों आवास को प्रथम किस्त की राशि 3.04 करोड़ आवास निमार्ण के लिए जारी किया षिविर मे उन आवास हितग्राहियों को भी संम्मानित किया गया जिनके द्वारा आवास तयसमय के अंदर अच्छा आवास का निमार्ण किया गया । कार्यक्रम को रामानुजनगर जनपद के उपाध्यक्ष दीपक गुप्ता के द्वारा भी संबोधित किया गया अपने संबोधन मे उनके द्वारा कहाॅ गया कि यह बहुत सुखद समय है जब हितग्राहियों को अपने आवास की राषि उनके खाते मे हस्तांतरित कर दिया जा रहा है इस राषि से वे अपना आवा जल्द निमार्ण कर सकेगे ।





कार्यक्रम को जिला पंचायत उपाध्यक्ष नरेष राजवाड़े ने आवास से संबंधितो को कहाॅ कि इस प्रकार की गतिविधियों से स्पष्ट है शासन की इस योजना के क्रियान्वयन मे कोई रूकावट नही है राज्य के नोड्ल मे आवास निमार्ण हेतु राशि की कोई कमी नही है आपको आवास पूर्ण करने के लिए राशि मांग अनुसार तत्काल जारी किये जाने की आदेश संबंधितों को दिया गया है बषर्ते आपको दिया गया राषि का उपयोग आप अपने आवास निमार्ण मे करे और जल्द आवास का निमार्ण कार्य करा ले। अक्सर कुछ लोग जिन्हे आवास हेतु राषि आवंटित किया जात है वे उन राषि का दुरूपायेग करते हैं कई लोग तो राषि का गबन कर उन्हे अन्य चीजो मे खर्च कर देते है जो बहुत गलत है जिससे उनका आवास अपूर्ण रहता है बल्कि उन्हे तो उन राषि मे कुछ अपना राषि जोड़कर आवास को और बड़ा बना चाहिए इस प्रकार अपना आवास बनाने का सपना साकार कर सकता हैं।

मुख्य अतिथि के द्वारा अपने संबोधन मे कहाॅ गया कि पक्का मकान बनाने का सपना हर व्यक्ति का होता हैं जिसे साकार करने के लिए इंसान कई-कई वर्षो तक रूपया पैसा जुटाता है, इस सपना पूरा करने के लिए शासन के अभिनव पहल की है आप सभी का आगे आकर गुणवत्तापूर्ण आवास तैयार करना चाहिए योजना मे किसी प्रकार की बिचौलियों या किसी के भी सिफारिश की गुजांइन ना हो इस लिए आवास की राशि सिधे हितग्राहियों के खाते मे डाला गया हैं।

इस दौरान कई हितग्रहियों के अपने अपने भावनाओं की अभिव्यक्त किया और किष्तों की राषि प्राप्त होने पर आभार व्यक्त किया इस संपूर्ण कार्यक्रम मे ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षप्रदीप साहू, जनपद सदस्य हेमेन्द्र साहू, अमर सिंह, रामबक्ष पडवार, सुशीला सिंह, अमित मिंज , सावित्री साहू, सरपंचगण सहित आवास प्राप्त हितग्राही उपस्थित थें।

# जनजातीय किशोरों और छात्रों के लिए किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम का हुआ आयोजन

- संवाददाता -
कोरबा,28 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

जिले में अनामया कार्यक्रम (ट्राइबल हेल्थ कोलैबोरेटिव) अंतर्गत पिरामल स्वास्थ्य द्वारा किशोरों व छात्रों (15 वर्ष से 29 वर्ष) के बीच जनजातीय स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम का उदघाटन सीएमएचओ डॉ. एस.एन. केसरी ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत किशोरियों दारा स्वागत गीत के साथ किया गया। इस कार्यक्रम में कोरबा ब्लॉक के अलग-अलग गांव के 25 किशोर व छात्र शामिल हुए। कार्यक्रम के उद्देश्यों को प्रस्तुत करते हुए पिरामल स्वास्थ्य के सम्भागीय कार्यक्रम प्रबंधक दिग्विजय कुमार सिंह के द्वारा बताया गया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किशोरों और छात्रों के साथ मानसिक स्वास्थ्य, पोषण एवं किशोर प्रजनन लैंगिक स्वास्थ्य, मादक द्रव्यों के सेवन का महत्व, सड़क दुर्घटना, हेलमेट/सीट बेल्ट का उपयोग आदि विषयों पर प्रशिक्षण देना है। जिससे समुदाय स्तर पर यही युवा प्रशिक्षित होकर गांव के लोगों को जागरूक करने का काम करेंगे क्युकि कम उम्र मे शादी व पोषण मे ध्यान न देने के कारण महिलाए एनीमिया जैसी गंभीर बिमारी का शिकार हो जाती है। आजकल बच्चो व गर्भवती महिलाओं में कुपोषण आम बात सी हो गई है जो आगे चलकर बहुत सारी बीमारियां जैसे मानसिक स्वास्थ्य, बच्चों में नाटापन, दुबलापन आदि का सामना करना पड़ता है।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीएमएचओ डॉ. केसरी ने अपने उद्बोधन में कहा कि पिरामल फाउंडेशन संस्था के द्वारा बहुत ही सराहनीय पहल है। जिसके लिए युवाओं को आगे आकर सरकार के उद्देश्यों योजनाओं का लाभ गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। उन्होंने किशोरों व छात्रों से कहा कि आप लोग समुदाय स्तर पर थोड़ा सा सहयोग करें तो हम लोग जल्द ही अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं में कम उम्र में गर्भधारण अनेक बीमारियों को जन्म देती है जिसको लेकर समुदाय में लोगों को जागरूक करने की आवश्यकता है। आदिवासी समुदाय में कुपोषण और मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों सहित कई स्वास्थ्य चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। युवाओं और छात्रों पर ध्यान को केंद्रित करके हम सभी को स्वास्थ्य व पोषण को प्राथमिकता देकर समुदाय को लाभान्वित करना जरूरी है। किशोरो व छात्रों से उन्होंने शिक्षा के महत्व के बारे में भी बताया। इस उद्घाटन समारोह में डीपीएम, पीरामल स्वास्थ्य के जिला प्रमुख विराग पांडेय व धर्मेन्द्र सिंह, किशोर व छात्र मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन अली रजा जी एवं आभार प्रदर्शन दिग्विजय कुमार सिंह के द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने मे नेहरू युवा केंद्र, पी जी कॉलेज कोरबा व आईटीआई कालेज कोरबा के युवाओ का विशेष योगदान रहा।

# टंडवा शराब दुकान में ओवर रेट का खेल अभी भी जारी, अभी तक कोई कार्यवाही नहीं

- सौरभ यादव -
तिल्दा-नेवरा,28 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

*हमारे सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार और पत्रकारों के द्वारा भी आबकारी को शिकायत किया था, लेकिन अभी भी टंडवा शराब दुकान में ओवर रेट का चल रहा जोरों से खेल,* टंडवा शराब दुकान में निर्धारित कीमतों के विपरीत ग्राहकों को अधिक कीमतों पर टंडवा शराब दुकान में बिक्री किया जा रहा है, माना जा रहा है कि इस मामले पर सम्बंधित विभाग की मिली भगत के चलते ग्राहकों के जेब मे डाका डाला जा रहा है, वहीं विभागीय करवाई शून्य नज़र आ रही है, और अभी सूत्रों के मुताबिक अभी एक पाव में कीमत की अधिक कीमत पर बेचा जा रहा है ,अभी आबकारी विभागीय बैठें है चुप,और बात दे कि होली के पूर्व आबकारी विभागीय को शिकायत करने पर कोई कार्यवाही नहीं किया गया था।लगता है दोनों के मिली भगत के चलते यह ओवर रेट चलाया जा रहा होगा।



वहीं सेल्समैन ग्राहकों को गाली देकर शराब विक्री कर रहा था।यह आंखों देखा है,

जबकि टंडवा शराब के सुपरवाइजर द्वारा कभी भी कॉल करने पर कॉल नही उठाया जाता है

अरविंद साहू ,आबकारी प्रभारी से बात करने पर बताया कि चालों ठीक मैं दुकान में इसकी जानकारी लेता हूं कर के कॉल काट कर दिया गया है।

# उगते सूर्य को अर्घ्य के साथ चार दिवसीय चैती छठ संपन्न



- संवाददाता -
अंबिकापुर,28 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

लोक आस्था का महा पर्व चार दिवसीय चैती छठ मंगलवार को उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ संपन्न हो गया। सूर्य उदय होते ही व्रतियों ने अर्घ्य अर्पित किया। इसके बाद व्रतियों ने पूजा अर्चना कर बड़ों का आशीर्वाद लेकर प्रसाद ग्रहण कर पारण किया। इस दौरान छठ व्रतियों ने 36 घंटे तक निर्जला उपवास रखकर भगवान भास्कर की आराधना की और देश, समाज, परिवार के सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। चार दिनों तक चलने वाले इस महापर्व को काफी उल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान छठ के गीतों से पूरा इलाका छठमय रहा। सोमवार को को षष्टी तिथि पर व्रतियों ने डूबते सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। वहीं मंगलवार को उगते सूर्य को अर्घ्य देने साथ छठ पर्व संपन्न हुआ। यह व्रत अपने आप में कठिन और काफी तप वाला माना जाता है। उगते सूर्य को अर्घ्य देने के लिए व्रती अपने-अपने घरों से अल सुबह से ही घर से निकल कर शहर के शंकरघाट स्थित छट घाट पहुंचने का सिलसिला जारी हो गया था। लोग भगवान भास्कर को अर्घ्य देने के लिए बेसब्री से इंतजार कर रहे थे।

# छत्तीसगढ़ में वन भूमि में आवर्ती चराई इकाई का निर्माण







- » कोर्ट ने दिया राज्य और केंद्र को नोटिस
- » कहा ट्री एंड वाइल्ड लाइफ कैन नॉट कम टू कोर्ट, किसी को तो आना पड़ेगा

- संवाददाता -
अंबिकापुर,रायपुर,28 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ वन विभाग द्वारा वन भूमि पर बनाए गए आवर्ती चढ़ाई इकाई के निर्माण के मामले में आज कार्यकारी मुख्य न्यायाधीश गौतम भादुड़ी और न्यायमूर्ति नरेश कुमार चंद्रवंशी की युगल पीठ ने राज्य शासन और केंद्र को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। कोर्ट ने कहा कि अगर ये निर्माण कानून के विरुद्ध किये गए है तो उसे हटाना पड़ेगा। बहस के दौरान कोर्ट ने कहा कि ट्री एंड वाइल्ड लाइफ कैन नॉट कम टू कोर्ट, किसी को तो आना पड़ेगा। मामले में अगली सुनवाई 3 सप्ताह बाद होगी।




अंबिकापुर के याचिकाकर्ता अधिवक्ता डी.के.सोनी तथा रायपुर के संदीप तिवारी ने जनहित याचिका लगाकर बताया कि वन भूमि को बिना डायवर्ट किए 1307 स्थानों में 25-25 एकड़ तक की वन भूमि में आवर्ती चराई इकाइयां बनाई गई है। यह कार्य वन संरक्षण अधिनियम 1980 और वन अधिनियम 1927 और अन्य सम्बंधित अधिनियमों का का स्पष्ट उल्लंघन है। याचिका में बताया गया कि इन आवर्ती चराई इकाइयों में गैर वानकी कार्य किये जा रहे है। मल्टी एक्टिविटी सेंटर के नाम से पक्के निर्माण कराए गए हैं। इन इकाइयों में मछली पालन, मुर्गी पालन, बटेर पालन, बत्तख पालन, सूअर पालन, ट्री गार्ड निर्माण, लघु वनोपज संग्रह, मसाला निर्माण, तिखुर उत्पादन, गो पालन, मशरूम उत्पादन, फूल झाडू निर्माण, दोना पत्तल निर्माण, सिलाई कार्य, चारागाह जैसे कार्य किए जा रहे हैं। यहां पर गोबर का वर्मी कंपोस्ट और सुपर कंपोस्ट बनाकर विक्रय भी किया जा रहा है। गौरतलब है कि वन भूमि को डायवर्ट करने के पूर्व केंद्र शासन की अनुमति अनिवार्य है, जिससे कि नहीं लिया गया था और वन भूमि को बिना डाइवर्ट करे निर्माण कार्य करवा दिए गए हैं।

# आवेदकों के ऋण आवेदनों का बैंक समय सीमा में करे निराकरण: अपर कलेक्टर पाटले

- संवाददाता -
कोरबा,28 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

जिला स्तरीय पुनरीक्षा समिति एवं जिला सलाहकार समिति (डीएलसीसी) की बैठक आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में अपर कलेक्टर विजेंद्र पाटले की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में शासन की विभिन्न योजनाओं के तहत आवेदकों को ऋण स्वीकृति को लेकर समीक्षा की गई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री नूतन कंवर व एलडीएम श्री किरण कुमार लुगुन, विभिन्न विभागों व बैंको के अधिकारी उपस्थित रहे। अपर कलेक्टर पाटले ने बैठक में उपस्थित बैंकिंग अधिकारियों से कहा कि सभी बैंक आवेदकों से प्राप्त होने वाले ऋण आवेदनों का समय सीमा पर निराकरण करें। उन्होंने कहा कि बैंकर्स अपनी कार्य क्षमता को और अधिक प्रभावी करें तथा निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति वित्तीय वर्ष की समाप्ति के पूर्व कर लें। उन्होंने शासन के विभिन्न योजनांतर्गत बैंकों के ऋण वितरण कार्य प्रगति में धीमी गति को लेकर संबंधित बैंक अधिकारियों पर गहरी नाराजगी जताई। कलेक्टर श्री पाटले ने बैंकों के सीडी रेशियो की खराब प्रगति को लेकर भी नाराजगी जताई गई। जबकि पिछली तिमाही बैठक में सभी बैंकर्स को सीडी रेशियो 40 प्रतिशत से ऊपर रखने के निर्देश दिए गए थे। लेकिन अधिकांश बैंक इस लक्ष्य को हासिल करने में नाकाम रहे। जिसको लेकर श्री पाटले ने नाराजगी व्यक्त करते हुए बैंको से इसमें सुधार लाने के निर्देश दिए। श्री पाटले ने कहा कि जिला प्रशासन और एलडीएम से सामंजस्य स्थापित कर अपने परफॉरमेंस में सुधार लाएं। सभी बैंकों से बैंकिंग व्यवसाय को बढ़ाने के लिए योजना के अनुरूप काम करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि बैंकर्स अगर सही प्लानिंग करेंगे तो बैंकिंग भी अच्छी होगी और सीडी रेशियो में भी सुधार होगा। अपर कलेक्टर पाटले ने बैठक में अधूरी जानकारी के साथ पहुंचने और निराशाजनक कार्य प्रदर्शन को लेकर कुछ बैंकिंग अधिकारियों पर नाराजगी जताई। साथ ही सुधार हेतु आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने बैंकों के व्यापारिक लेन-देन तथा ऋण योजनाओं की प्रगति नियमित रूप से निरीक्षण के निर्देश दिए भी अधिकारियों को दिए गए ढ्ढ बैठक में एक बैंक द्वारा जिले में समूह की महिलाओं से जबरन लोन नहीं लेने का आवेदन लिखवाकर लेने संबंधी बात सामने आने पर अपर कलेक्टर ने नाराजगी जताई। उन्होंने ऐसे बैंको के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। पाटले ने कि आगे ऐसी शिकायत आने पर संबंधित बैंको के खिलाफ प्रकरण दर्ज कराया जाएगा। समीक्षा बैठक में श्री पाटले ने कहा कि प्रकरणों का समय सीमा पर निराकरण के साथ ही जीरो टारगेट वाले बैंकों को अपना प्रदर्शन में सुधार लाने, बैंको में उपभोक्ताओं को सहूलियत प्रदान करने, पेंडेंसी में कमी लाने वहीं अगली मीटिंग में पूरी जानकारी के साथ अधिकारियों को उपस्थित होने के निर्देश दिए। बैठक में विभिन्न शासकीय योजनाओं हेतु वित्तीय वर्ष की उपलब्धि पर चर्चा, पीएमईजीपी व मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, ग्रामीण क्षेत्रों में नवीन बैंक शाखा स्थापना एवं पशुपालकों, मत्स्य पालकों एवं उद्यानिकी हेतु किसान क्रेडिट कार्ड के संबंध में भी चर्चा की गई और बैंकर्स को लक्ष्य अनुसार काम करने के निर्देश दिए गए।




**न्यायालय तहसीलदार नज़ूल, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा,छ0ग0**

**ईश्तहार**

रा0प्र0क्र0 715/अ-20(1)2020-21

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है छत्तीसगढ़ शासन राजस्व प्रबंधन विभाग, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर के परिपत्र क्रमांक एफ 04-07/सात-01/2019 नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 11 /09 / 2019 के द्वारा जारी निर्देशानुसार छ.ग. राजस्व पुस्तक परिपत्र के खण्ड 4(1) एवं 4(2) के अद्यतन संशोदित प्रावधानों के तहत आवेदक संदीप एक्का आ0 शोभनाथ एक्का, निवासी गांधीनगर ऑम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर,सरगुजा के द्वारा नगर अम्बिकापुर के मोहल्ला/ग्राम गाँधीनगर,अम्बिकापुर स्थित शासकीय नज़ूल भूमि खसरा नम्बर 27/1 रकबा 30.45 एकड़ में से रकबा 131.75 वर्गमीटर भूमि पर पक्का मकान निर्माण कर अतिक्रमण किया गया है। उसके व्यवस्थापन/आबंटन बगावत आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। जो इस न्यायालय में विचाराधीन है। उक्त संबंध में आदि किसी व्यक्ति/पक्षकार कोः कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 31 /03 /2023 तक न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है समय सीमा के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 13/03/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

सील

तहसीलदार नज़ूल
अम्बिकापुर



**कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग रामानुजगंज**

**निविदा आमंत्रण अधिसूचना**

क्रमांक-1103/NIT-20/2022-2023/व.ले.लि. दिनांक : 22/03/2023

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - 10/04/2023 अपरान्ह 5:30 बजे तक
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि - 17/04/2023 अपरान्ह 5:30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि - 19/04/2023 पूर्वान्ह 11:30 बजे से
निविदा प्रपत्र की कीमत - 750.00

| एनआईटी क्र.निविदा क्र. | कार्य का नाम/ NoOfCalls | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि (रू.में)बैंक साल्वेंसी (रू.में | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 20-TO103 | उपसंभाग रामानुजगंज अंतर्गत कोविड केयर सेन्टर बिल्डिंग का साधारण मरम्मत कार्य -प्रथम आमंत्रण- | 19.99 - 15000.00 300000.00 | 02 माह |
| 20-TO104 | उपसंभाग रामानुजगंज अंतर्गत जिला न्यायालय कैंपस के गैर आवासीय भवनों का रंगाई पोताई का कार्य -प्रथम आमंत्रण- | 19.92 - 15000.00 300000.00 | 02 माह |
| 20-TO105 | उपसंभाग रामानुजगंज के उपखण्ड रामानुजगंज में आवासीय एवं गैर आवासीय न्यायालय भवनों का साधारण मरम्मत/विशेष मरम्मत एवं एम.ओ.डब्लू. का कार्य -प्रथम आमंत्रण- | 17.51 - 13150.00 300000.00 | 02 माह |
| 20-TO106 | उपसंभाग रामानुजगंज अंतर्गत विभिन्न मार्गो में 5 किमी स्टोन, किमी स्टोन एवं फ्लांग स्टोन लगाने का कार्य -प्रथम आमंत्रण- | 18.18 - 13650.00 300000.00 | 02 माह |
| 20-TO107 | उपसंभाग रामानुजगंज अंतर्गत भवनों का प्राकृतिक गोबर पेंट द्वारा रंगाई पोताई का कार्य -प्रथम आमंत्रण- | 15.14 - 11300.00 300000.00 | 06 माह |
| 20-TO108 | उपसंभाग रामानुजगंज अंतर्गत विश्राम ग्रह सनावल के लिए सी.सी. पहुंच मार्ग का निर्माण -प्रथम आमंत्रण- | 6.59 - 4950.00 300000.00 | 03 माह |
| 20-TO109 | उपसंभाग रामानुजगंज अंतर्गत आवासीय भवनों का साधारण मरम्मत कार्य -प्रथम आमंत्रण- | 16.80 - 12600.00 300000.00 | 03 माह |
| 20-TO110 | उपसंभाग वाड्रफनगर एवं कुसमी अंतर्गत भवनों का प्राकृतिक गोबर पेन्ट द्वारा रंगाई पोताई का कार्य -प्रथम आमंत्रण- | 19.44 - 14600.00 300000.00 | 06 माह |
| 20-TO111 | उपसंभाग वाड्रफनगर अंतर्गत वाड्रफनगर जनकपुर बलंगी मार्ग के किमी 1 से 16.00 किमी. में बी.टी.पेंच मरम्मत का कार्य -प्रथम आमंत्रण- | 19.97 - 15000.00 300000.00 | 01 माह |
| 20-TO112 | उपसंभाग वाड्रफनगर अंतर्गत जनकपुर बलंगी मार्ग के किमी 25 से 32 एवं 39 से 45 कुल 14 किमी में बी.टी.पेंच मरम्मत का कार्य -प्रथम आमंत्रण- | 19.99 - 15000.00 300000.00 | 01 माह |
| 20-TO113 | उपसंभाग कुसमी अंतर्गत गैर आवासीय भवनों का रंगाई पोताई एवं पेन्टींग का कार्य -प्रथम आमंत्रण- | 19.99 - 15000.00 300000.00 | 06 माह |
| 20-TO114 | उपसंभाग कुसमी अंतर्गत आवासीय भवनों का रंगाई पोताई एवं पेन्टींग का कार्य -प्रथम आमंत्रण- | 10.00 - 7500.00 300000.00 | 06 माह |
| 20-TO115 | उपसंभाग कुसमी अंतर्गत आवासीय भवनों एवं गैर आवासीय भवनों का साधारण मरम्मत का कार्य -प्रथम आमंत्रण- | 20.00 - 15000.00 300000.00 | 06 माह |

निविदा संबंधी शर्ते विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोगन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

जी.नं.-99650/1

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग
रामानुजगंज


# जनदर्शन में कलेक्टर ने सुनी आमजनों की समस्याएं



- संवाददाता -
बलरामपुर,28 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

शासन के मंशानुरूप आमजनों के समस्याओं का प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने के उद्देश्य से सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार को कलेक्टर जनदर्शन का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में संयुक्त जिला कार्यालय भवन के सभा कक्ष में आयोजित जनदर्शन में आवेदन प्राप्त हुए हैं। कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती रेना जमील ने संबंधित अधिकारियों से प्राप्त आवेदनों पर आवश्यक कार्यवाही करते हुए प्राप्त शिकायतों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिये।

जनदर्शन में मांग व शिकायत के संबंध में आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें ग्राम सिंगचौरा निवासी किनु राम के द्वारा धान की राशि का भुगतान कराने, ग्राम जमड़ी के महावीर एवं चमरू के द्वारा स्वयं के भूमि के कब्जा मुक्त कराने, सनावल निवासी वारिस के द्वारा मुआवजा राशि प्रदान करने, कृष्णनगर निवासी सुसेन मण्डल के द्वारा भूमि रिकार्ड सुधार कराने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किये गये थे। प्राप्त आवेदनों पर कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करते हुए निर्धारित समय-सीमा में निराकरण के निर्देश दिए।

# आईपीएल में जौहर दिखाएंगे मुरादाबाद के लाल

» युवा खिलाड़ियों के लिए बनेंगे प्रेरणास्रोत



**मुरादाबाद,28 मार्च 2023।** 31 मार्च से शुरू हो रहे आईपीएल के 16 वें संस्करण में जिले के तीन खिलाड़ी पीयूष चावला, मोहम्मद शमी और मोहसिन खान अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। पीयूष मुंबई इंडियंस, तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी गुजरात टाइटंस और बाएं हाथ के युवा तेज गेंदबाज मोहसिन खान लखनऊ सुपर जायंट्स की ओर से खेलेंगे। मोहसिन खान लगातार दूसरे संस्करण में अपनी गेंदबाजी का जौहर दिखाएंगे। वहीं, ये खिलाड़ी युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेंगे।

31 मार्च को गत विजेता गुजरात टाइटंस और चार बार की चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स के बीच मैच खेला जाएगा। भारतीय टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी इस बार गुजरात के लिए खिताब बचाने उतरेंगे। पिछले सीजन में शमी ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 16 मैच में 20 विकेट झटककर टीम को खिताब जिताने में महत्वपूर्ण योगदान दिया था। वहीं, दो बार की विश्व चैम्पियन टीम का हिस्सा रहे लेग स्पिन गेंदबाज पीयूष चावला ने 2008 में आईपीएल में पदार्पण किया था। 2022 में उन्हें आईपीएल में किसी टीम ने नहीं खरीदा। अब 2023 में एक बार फिर उन्होंने आईपीएल में वापसी की है। उन्हें इस बार मुंबई इंडियंस ने खरीदा है। पीयूष ने अभी तक आईपीएल में 167 मैचों में 157 विकेट चटकाए हैं, साथ ही 584 रन बनाए हैं। इस बार उनपर पूरे शहर के युवाओं की नजर है। उम्मीद है कि वह फिर एक बार फिर अपनी फिरकी का जादू आईपीएल में बिखेरेंगे। वहीं, 24 वर्षीय बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मोहसिन खान ने 2022 में आईपीएल में पदार्पण किया। उन्हें लखनऊ सुपर जायंट्स ने बेस प्राइज 20 लाख रुपये में खरीद कर अपने साथ जोड़ा। उन्होंने टीम के लिए खेले 9 मैचों में शानदार गेंदबाजी करते हुए 14 विकेट अपने नाम किए। शहर के सितारों को आईपीएल में देखने को लेकर शहर के युवा खिलाड़ियों में उत्साह है।

शहर के युवा खिलाड़ी रिषभ मालिक, कार्तिक सिंह, सिद्धार्थ चौधरी आदि ने बताया कि इन खिलाड़ियों ने युवाओं के लिए आईपीएल के दरवाजे खोल दिए हैं। इस मंच इन्हे खेलते देखकर नए खिलाड़ियों में जोश भरता है। साथ ही इस स्तर पर खेलने का जज्बा पैदा होता है। इन खिलाड़ियों ने यहां तक पहुंचने के लिए बहुत मेहनत की है। युवा गेंदबाज मोहसिन को इस स्तर पर खेलता देख बहुत अच्छा लगता है। पीयूष और शमी ने शहर के खिलाड़ियों के लिए अंतरराष्टीय स्तर के लिए मार्ग तैयार किया है। आने वाले समय में और भी ज्यादा खिलाड़ी यहां से निकलकर शहर का नाम रोशन करेंगे।



## आरएस ने विश्व चैंपियनशिप में 4 स्वर्ण जीतने वाली महिला मुक्केबाजों को बधाई दी

**नई दिल्ली, 28 मार्च 2023।** राज्यसभा ने मंगलवार को निकहत ज़रीन, लवलीना बोरगोहैन, नीतू घनघास और स्वीटी बूरा को हाल ही में आयोजित महिला मुक्केबाजी विश्व चैंपियनशिप में चार स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचने के लिए बधाई दी।

अध्यक्ष जगदीप धनखड़ ने कहा, मेरे पास साझा करने के लिए एक सुखद समाचार है। यह हम सभी के लिए गर्व का क्षण है। हमारी महिला मुक्केबाजों ने 15 से 26 मार्च तक नई दिल्ली में आयोजित महिला विश्व मुक्केबाजी चैम्पियनशिप में चार स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचा है।÷ जैसा कि दिन के लिए सदन की बैठक हुई।

उन्होंने कहा, निकहत ज़रीन, लवलीना बोरगोहैन, नीतू घनघस और स्वीटी बूरा को हमारी बधाई। उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियां भारत के भविष्य को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगी, युवा महत्वाकांक्षी एथलीटों को प्रेरित और प्रेरित करेंगी।÷

धनखड़ ने कहा कि उनकी उपलब्धियां कड़ी मेहनत, महान दृढ़ संकल्प और शानदार कौशल के प्रदर्शन की परिणति हैं। उन्होंने कहा कि इन महिला मुक्केबाजों ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि यह नारी शक्ति के पुनरुत्थान का युग है।

## मियामी ओपनः सबालेंका सत्र के पांचवें क्वॉर्टर फाइनल में



**मियामी,28 मार्च 2023।** विश्व की दूसरे नंबर की खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने मियामी ओपन के चौथे दौर में 16वीं सीड बारबोरा क्रेजिकोवा को 6-3, 6-2 से हराकर सत्र के अपने पांचवें क्वार्टरफाइनल में प्रवेश कर लिया।

सोमवार की इस एकतरफा जीत के साथ सबालेंका ने सत्र में अपना रिकॉर्ड 20-2 पहुंचा दिया है। सबालेंका और क्रेजिकोवा के बीच यह तीसरा मुकाबला था। तीनों मुकाबले सत्र के पहले डब्लूटीए 1000 टूर्नामेंटों में आये हैं।

क्रेजिकोवा ने फरवरी में दुबई टेनिस चैंपियनशिप में खिताब जीतने के दौरान सबालेंका को हराया था। सबालेंका ने दो सप्ताह पहले बीएनपी परीबा ओपन में इस हार का बदला चुकाया था।

सबालेंका का अगला मुकाबला रोमानिया की सोराना कर्स्टी से होगा जो इंडियन वेल्स के बाद मियामी में भी क्वार्टरफाइनल में पहुंची हैं। 32 वर्षीय सबालेंका ने चेक गणराज्य की मार्केटा वोन्द्रूसोवा को 7-6(3), 6-4 से पराजित किया।

इस बीच जेसिका पेगुला ने पोलैंड की माग्दा लिनेट को 6-1, 7-5 से हरा दिया। अमेरिकी खिलाड़ी का इस सत्र में यह पांचवां क्वार्टरफाइनल है।

पेगुला का क्वार्टरफाइनल में अनस्तासिया पोटापोवा से मुकाबला होगा। दोनों खिलाड़ी इंडियन वेल्स के तीसरे दौर में भिड़ी थीं जिसे पेगुला ने जीता था।

## क्रिस्टियन गारिन को हराकर सिटसिपास ने पहला मैच जीता

**मियामी गार्डन्स ,28 मार्च 2023।** तीसरी वरीयता प्राप्त स्टेफानोस सिटसिपास ने चिली के क्वालीफायर क्रिस्टियन गारिन को 6 . 3, 4 . 6, 6 .4 से हराकर मियामी ओपन के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया। महिला वर्ग में 2019 की अमेरिकी ओपन चैम्पियन कनाडा की बियांका आंद्रिस्कू दाहिने पैर में चोट के कारण व्हीलचेयर से कोर्ट से बाहर गई। उन्हें 18वीं वरीयता प्राप्त एकातेरिना अलेक्जेंद्रोवा के खिलाफ मैच के दूसरे सेट में चोट लगी थी। सिटसिपास का सामना अब कारेन खाचानोव से होगा जिसने चेक गणराज्य के जिरि लेहेस्का को 6 . 2, 6 . 4 से मात दी।

अर्जेंटीना के फ्रांसिस्को सेरूंडोलो ने



पांचवीं वरीयता प्राप्त कनाडा के फेलिक्स आगर एलियास्सिमे को 6 . 2, 7. 5 से हराया। अब उनका सामना इटली के लोरेंजो सोनेओग से होगा जिसने फ्रांसिस टियाफो को 6 . 3, 6 . 4 से मात दी। अमेरिका के क्रिस यूबैंक्स ने फ्रांस के ग्रेगोइर बारेरे को 6 . 3, 7 . 6 से हराया। वहीं फ्रांस के केंटिन हेलिस ने अमेरिका के मैकेंजी मैकडोनाल्ड को 7 . 6, 6 . 3 से परास्त किया। महिला वर्ग में तीसरी वरीयता प्राप्त अमेरिका की जेसिका पेगुला ने पोलैंड की मागडा लिनेटे को 6 . 1, 7 . 5 से हराया। अब उनका सामना 27वीं वरीयता प्राप्त अनास्तासिया पोतापोवा से होगा जिसने किंवेन झेंग को 6 . 4, 7 . 6 से हराया।

## श्रीलंका का विश्व कप के लिए क्वॉलीफाई करना मुश्किल

**क्राइस्टचर्च ,28 मार्च 2023।** न्यूजीलैंड और श्रीलंका के बीच दूसरा एक दिवसीय क्रिकेट मैच बारिश के कारण मंगलवार को रद्द कर दिया गया । दिन भर हुई भारी बारिश के कारण मैदान पर कवर बिछे हुए थे और जगह जगह पानी भर गया था। अंपायरों ने मैदान के मुआयने के बाद मैच रद्द करने का फैसला किया। न्यूजीलैंड तीन मैचों की श्रृंखला में पहला मैच 198 रन से जीतकर आगे है। तीसरा मैच हैमिल्टन में शुक्रवार को खेला जायेगा।हैगली ओवल हल्की बारिश के आसार के बावजूद कुछ ओवर फेंके जाने की संभावना थी, लेकिन लगातार बारिश के कारण टॉस भी नहीं हो सका। वर्षाबाधित मैच शुरू करने का आखिरी समय स्थानीय समयानुसार शाम सात बजकर दो मिनट था। अंपायरों ने शाम चार बजकर 25 मिनट मैदान का जायज़ा लेकर मैच रद्द करने की घोषणा की। इस ड्रॉ के बाद दोनों टीमों ने विश्व कप सुपर लीग में बराबर अंक बांट



लिये। सुपर लीग की शीर्ष आठ टीमों को विश्व कप में सीधा प्रवेश दिया जाता है।श्रीलंका इस समय 82 अंकों के साथ नौंवे स्थान पर है, जबकि उसे विश्व कप से पहले सिर्फ एक और वनडे मैच खेलना है। श्रीलंका अगर शुक्रवार को होने वाले तीसरे वनडे में न्यूज़ीलैंड को हरा देता है तो वह 92 अंक के साथ वेस्ट इंडीज (88) को पछाड़कर तालिका में आठवें स्थान पर आ जायेगा। इसके अलावा श्रीलंका को उम्मीद करनी होगी कि दक्षिण अफ्रीका इस हफ्ते नीदरलैंड के खिलाफ होने वाले दो एकदिवसीय मैचों में से सिर्फ एक में ही जीत दर्ज कर सके। दक्षिण अफ्रीका (78) इस समय तालिका में 10वें स्थान पर है और नीदरलैंड से दोनों मैच जीतकर विश्व कप के लिये सीधा क्वालीफाई कर सकता है। गौरतलब है कि मैच रद्द होने के कारण पहला मुकाबला जीतने वाले न्यूज़ीलैंड ने तीन मैचों की एकदिवसीय शृंखला में 1-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली है। शृंखला का अंतिम मुकाबला हैमिलटन के सेडन पार्क पर शुक्रवार को खेला जायेगा।

## घूमते पहियों पर सवार खिलाड़ी लिख रहे हौसले की नयी कहानियां

**इंदौर ,28 मार्च 2023।** बेंगलुरु के 27 वर्षीय मधुसूदन एक हादसे के कारण अपने दोनों पैर गंवा कर कभी मायूस हो चुके थे, लेकिन व्हीलचेयर टेनिस को लेकर उनके जुनून ने उनकी जिंदगी को नये मायने दे दिए हैं। मधुसूदन, अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) की इंदौर टेनिस क्लब में आयोजित पहली राष्ट्रीय व्हीलचेयर टेनिस स्पर्धा में भाग ले रहे 30 खिलाड़ियों में शामिल हैं। सोमवार (27 मार्च) से शुरू हुई यह प्रतियोगिता शुक्रवार (31 मार्च) तक चलेगी जिसमें चार महिलाएं भी हिस्सा ले रही हैं। बेंगलुरु में एक बहुराष्ट्रीय बैंक के दफ्तर में काम करने वाले मधुसूदन ने ''पीटीआई-भाषा'' को बताया,''वर्ष 2008 के दौरान एक हादसे के चलते मेरे दोनों पैर कट गए थे।

हादसे के बाद मैं तीन साल तक अपने घर से बाहर नहीं निकला था, लेकिन बाद में मुझे अहसास हुआ कि अगर मैं यूं ही बैठा रहा, तो कुछ नहीं होने वाला। फिर मैं घर से बाहर निकला और अपनी पढ़ाई पूरी की।'' मधुसूदन बताते हैं कि वह एक बार बेंगलुरु में व्हीलचेयर टेनिस स्पर्धा देखने गए थे और तब से इस खेल के मुरीद हो गए। उन्होंने कहा,''मैं कुछ अंतरालों के साथ पिछले सात साल से व्हीलचेयर टेनिस का अभ्यास कर रहा हूं। मैं इस खेल को इतना पसंद करता हूं कि मुझे लगता है कि मैं इससे कभी संन्यास नहीं लूंगा।'' मधुसूदन की तरह मुंबई के 46 वर्षीय उद्यमी मितेश भी व्हीलचेयर टेनिस के दीवाने हैं। मितेश ने बताया कि वह केवल छह महीने के थे, तब उनके दोनों पैरों में पोलियो हो गया था जबकि उन्हें इस बीमारी से बचाव की खुराक भी दी गई थी।

आत्मविश्वास से लैस खिलाड़ी ने कहा,''पोलियो होने के बाद मेरे जीवन में मुश्किलें रही हैं, लेकिन मैं मुश्किलों को हमेशा ''मोस्ट वेलकम'' बोलता हूं क्योंकि मुश्किलें आने से ही मुझे पता चलता है कि जीवन में आगे कुछ अच्छा होने वाला है।'' मितेश ने बताया कि उन्होंने अपनी शारीरिक और मानसिक तंदुरुस्ती के लिए व्हीलचेयर टेनिस खेलने का फैसला किया। उन्होंने कहा, यह खेल खेलने के बाद मैंने अपने शरीर को स्वीकार करना और इसका सम्मान करना भी सीखा है।'' गौरतलब है कि व्हीलचेयर टेनिस में खास पहियों वाली व्हीलचेयर इस्तेमाल की जाती है जिससे खिलाड़ियों को कोर्ट पर तेजी से इधर से उधर जाने में मदद मिलती है। एआईटीए के महासचिव अनिल धूपर ने बताते हैं कि भारत में फिलहाल व्हीलचेयर टेनिस के केवल 50 के आस-पास पंजीकृत खिलाड़ी हैं और बेंगलुरु तथा चेन्नई इस खेल के बड़े केंद्र हैं।

जाहिर है कि पैरालम्पिक्स में शामिल इस खेल को देश में अपने विस्तार के लिए अभी लंबा सफर तय करना है। धूपर ने बताया, ''हम एक परियोजना के तहत व्हीलचेयर टेनिस को पिछले दो साल से बढ़ावा दे रहे हैं। हम स्पर्धाओं की तादाद बढ़ाकर इस खेल को दिल्ली, उत्तरप्रदेश और हरियाणा में भी ले जा रहे हैं।'' उन्होंने मांग की कि केंद्र और सरकारों को व्हीलचेयर टेनिस को आगे बढ़ाने के लिए एआईटीए की मदद करनी चाहिए।

## अल्लू अर्जुन ने सिनेमा में पूरे किए 20 साल, फैंस के लिए पेन इमोशनल नोट



पुष्पा ः द राइज स्टार अल्लू अर्जुन ने मंगलवार को फिल्मों में दो दशक पूरे कर लिए और अभिनेता ने कहा कि वह अपने करियर का श्रेय दर्शकों को देते हैं।

अर्जुन, जो 2021 की तेलुगु फिल्म पुष्पाः द राइज की सफलता के बाद अखिल भारतीय स्टार बन गए, ने अपनी पहली फिल्म गंगोत्री की 20वीं वर्षगांठ के अवसर पर अपने आधिकारिक ट्विटर अकाउंट पर एक संक्षिप्त नोट साझा किया।उन्होंने कहा, आज, मैंने फिल्म उद्योग में 20 साल पूरे कर लिए हैं। मैं बहुत खुशनसीब हूं और मुझ पर प्यार बरसा है।40 वर्षीय अभिनेता ने बयान में कहा, मैं उद्योग से अपने सभी लोगों का आभारी हूं। दर्शकों, प्रशंसकों और प्रशंसकों के प्यार के कारण मैं जो कुछ भी हूं, वह हूं। हमेशा के लिए आभार।

अपने दो दशक लंबे करियर में, अर्जुन ने बनी आर्य श्रृंखला, देसमुदुरु, परुगु, अला वैकुंठपुरमुलू, और जीवनी अवधि की एक्शन फिल्म रुद्रमादेवी जैसी एक्शन फिल्मों में अभिनय किया है। वह वर्तमान में पुष्पाः द रूल पर काम कर रहे हैं, जो पुष्पाः द राइज की अगली कड़ी है।

## ऑरेंज कलर की ट्यूब ड्रेस में मौनी रॉय ने दिखाया हुस्न का जलवा

बॉलीवुड एक्ट्रेस मौनी रॉय आए दिन अपनी बोल्ड लुक्स के कारण सोशल मीडिया पर लाइमलाइट में रहती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज और वीडियोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो वो फेंस के बीच तेजी से वायरल होने लगती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस मौनी रॉय ने ग्लैम फोटोशूट फेंस के बीच शेयर किया है जिसमें वो अपने हुस्न का जलवा बिखेर कर फेंस के दिलों पर खंजर चला रही हैं। टीवी से बॉलीवुड करियर तक का सफर तय करने वाली एक्ट्रेस मौनी रॉय आज किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो वो फेंस उनकी तस्वीरों की जमकर तारीफ करते हैं। मौनी रॉय ने अपनी लेटेस्ट तस्वीरों में ऑरेंज कलर के ट्यूब गाउन पहनी हुई है जिसमें वो बेहद ही हॉट नजर आ रही हैं। हालांकि फेंस भी एक्ट्रेस का ये शानदार आउटफिट देख कर उनके लुक्स की तारीफ कर रहे हैं।



बता दें कि मौनी रॉय अपने हर स्टाइलिश लुक से फेंस का ध्यान अपनी ओर खींच लेती हैं। इस बार भी उनकी यूनिक स्टाइल चर्चा में बना हुआ है। दरअसल, मौनी रॉय इस आउटफिट में स्टाइल आइकन अवॉर्ड में नजर आई थीं। इस अवॉर्ज फंक्शन में बॉलीवुड की कई बड़ी हस्तियों ने भी शिरकत की थी। कुछ समय पहले मौनी रॉय इंटरनेशनल टूर पर थीं, जहां वो अपनी बिकिनी फोटोज को लेकर काफी चर्चाएं बटौर रहीं थीं। एक्ट्रेस मौनी रॉय सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट काफी तगड़ी है।

## शाहरुख खान की जवान में कैमियो करेंगे संजय दत्त



शाहरुख खान ने साल की शुरुआत में ही पठान के साथ बॉक्स ऑफिस पर धमाका कर दिया। फिल्म को दुनियाभर में प्यार मिला और यह रिकॉर्ड तोड़ कमाई करने में सफल रही। पठान की सफलता के बाद अब किंग खान जवान को लेकर सुर्खियों में हैं, जिसकी फिलहाल शूटिंग चल रही है। अब एटली के निर्देशन में बन रही इस फिल्म से जुड़ा एक अपडेट सामने आया है। रिपोर्ट्स की मानें तो संजय दत्त जवान में कैमियो करने वाले हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, एक सूत्र ने जवान में संजय के होने की पुष्टि की। सूत्र ने कहा, इस भूमिका के लिए कास्टिंग करना एटली के लिए कठिन था, क्योंकि उन्हें ए-लिस्ट स्टार की आवश्यकता थी, जो शाहरुख के साथ पहले पर्दे पर दिखाई नहीं दिए। रिपोर्ट में मुताबिक, पहले अल्लू अर्जुन से बात की गई थी, लेकिन उन्होंने पुष्पा 2 में व्यस्त होने के चलते ऑफर ठुकरा दिया। इसके बाद निर्माता संजय के पास फिल्म लेकर गए।

हालांकि, संजय के लिए यह पहली बार नहीं होगा कि वह शाहरुख के साथ नजर आएंगे। इससे पहले दोनों ओम शांति ओम के एक गाने में साथ दिखे थे। रिपोर्ट के मुताबिक, संजय अभी थलपति विजय की फिल्म लियो की शूटिंग के लिए कश्मीर में हैं। अब जल्द ही वह मुंबई में जवान की शूटिंग के लिए लौटेंगे। यह भी कहा जा रहा है कि शाहरुख और संजय के सीचेंस को शूट करने के लिए एक भव्य सेट बनाया जाएगा।

एटली की जवान में शाहरुख के साथ पहली बार साउथ की लेडी सुपरस्टार कही जाने वाली नयनतारा नजर आएंगी। इनके अलावा फिल्म में विजय सेतुपति, योगी बाबू और सान्या मल्होत्रा भी मुख्य भूमिका में हैं। एक्शन से भरपूर यह फिल्म 2 जून, 2023 को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। हाल ही में फिल्म से शाहरुख का एक एक्शन सीन सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था, जिसे देखने के बाद फैंस काफी उत्सुक हो गए थे।

संजय लियो और जवान के अलावा विकास वर्मा के निर्देशन में बन रही द गुड महाराजा में नजर आएंगे, जो 10 नवंबर को रिलीज होगी। यह द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान 1000 पॉलिश बच्चों को बचाने वाले जामनगर के महाराजा के वास्तविक जीवन की घटना पर आधारित एक पीरियड फिल्म है। पिछले साल अभिनेता केजीएफ 2 और शमशेरा में नजर आए थे। केजीएफ 2 अपना कमाल दिखाने में सफल रही थी, तो रणबीर कपूर के साथ शमशेरा फ्लॉप रही थी।












# ईडी के फिर से छापा पड़ने पर बीजेपी पर भड़के सीएम बघेल

» कोई वर्ग नहीं बचा जहां छापा नहीं पड़ा

» भाजपा नेताओं के इशारे पर पड़ रही रेड, कहा-नान

» चिटफंड में नहीं होती कार्रवाई



रायपुर,28 मार्च 2023 (ए)। लखनऊ रवाना होने से पहले मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ईडी की कार्रवाई के खिलाफ बयान दिया। छत्तीसगढ़ में लगातार हो रही ईडी की रेड को लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बीजेपी नेताओं को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने कहा कि कोई ऐसा वर्ग नहीं बचा जहां छापा नहीं डाला गया हो। सीएम बोले अगर कहीं ईडीकी कार्रवाई नहीं होती तो केवल बीजेपी शासित राज्य हैं मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड, गुजरात और कर्नाटक। यहां ऐसा लगता है कि ईडी का दफ्तर ही नहीं है। महाराष्ट्र में जब तक उद्धव सरकार थी तब तक ईडी और सीबीआई जैसी सेंट्रल एजेंसियां सक्रिय थी और जैसे ही सरकार बदली खरीद-फरोख्त हुआ, उसके बाद से ईडी का वहां कोई काम नहीं रह गया।

सीएम ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश के नेता और राष्ट्रीय नेताओं के इशारे पर ये सब किया जा रहा है। श्रष्ठ निष्पक्ष होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हिंडनबर्ग के आधार पर अडानी जिनकी संपत्ति में 60 प्रतिशत की कमी आई है, आखिर वहां जाकर ईडी क्यों छापे नहीं मारती। छत्तीसगढ़ में नान और चिटफंड में भी कार्रवाई नहीं करती। महादेव ऐप में कार्रवाई नहीं कर रहे है क्योंकि इसमें बीजेपी शासित राज्यों के नेताओं के भी नाम आ गए हैं।

## ओबीसी का मुद्दा लाकर समाज को बांट रही बीजेपी

» रायपुर में कांग्रेस की प्रदेश प्रभारी शैलजा का केंद्र पर हमला



रायपुर,28 मार्च 2023 (ए)। कांग्रेस महासचिव और छत्तीसगढ़ प्रभारी कुमारी शैलजा मंगलवार दोपहर रायपुर पहुंची। इस दौरान एयरपोर्ट में मीडिया से बात करते हुए उन्होंने केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा.ओबीसी का मुद्दा लाकर समाज को बांटने का काम भाजपा कर रही है। शैलजा एयरपोर्ट से सीधे कांग्रेस भवन रवाना हो गईं। वहां वो कांग्रेस पदाधिकारियोंए मंत्रियों की बैठक में शामिल होंगी। बैठक में राहुल की सदस्यता मामले में चर्चा जारी है। राहुल गांधी की सदस्यता रद्द किए जाने के मामले में शैलजा ने कहा कि हमारे शीर्ष नेतृत्व की आवाज को दबाया जा रहा है और बीजेपी आवाज दबाने का काम कर रही है। शैलजा ने कहा मोदी सरकार बदले की भावना से हमारे शीर्ष नेतृत्व के नेताओं को परेशान करने का प्रयास कर रही है। शैलजा कुमारी ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री साजिश कर रहें हैं, लेकिन राहुल गांधी आम जनता की आवाज बन चुके हैं। बीजेपी आम जनता की आवाज को कैसे दबाएगी। उन्होंने कहा, जिस तरह से उनकी सदस्यता छीनी गई, फिर उनके निवास के लिए नोटिस भेजा गया, यह पूरा देश देख रहा है।बैठक में शामिल हुए मरकाम, सिंहदेव सहित आला नेता बैठक में मंत्री स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंह, पीसीसी चीफ मोहन मरकाम, शिक्षा मंत्री प्रेमसाय सिंह टेकाम, शिव डहरिया, पीएचई मंत्री गुरु रुद्र कुमार, राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल सहित तमाम नेता मौजूद हैं।

# राजधानी में तालाबों का मिटता वजूद

» जनप्रतिनिधियों की अनदेखी का खामियाजा भुगत रहे हैं आम नागरिक

» तालाब सफाई वर्गीकरण के नाम पर मिलता है करोड़ों का बजट जाता है आखिर कहां?





-दुलारे अंसारी-
रायपुर,28 मार्च 2023

(घटती घटना)। बुजुर्गों से सुना था कि कभी राजधानी रायपुर में 340 तालाब हुआ करती थी। जिसमें छोटी-छोटी लगभग दो दर्जन डबरी तालाब भी शामिल थी, यह डबरी तालाब मवेशियों के लिए पानी पीने के लिए बनाई गई थी।लेकिन अब इसका वजूद सिमटकर महज एक दर्जन तालाब ही रह गया है। प्रमुख तालाबों में बूढ़ा तालाब , महाराज बंद,रामकुंड के आमा तालाब, घोराही तालाब, धोबी तलाब, शीतला तलाब, रायपुरा तलाब ,कुशालपुर तलाब , तेलीबांधा तलाब ,कटोरा तालाब ,राजेंद्रनगर खदान सहित कई ऐसे ऐसे पानी के स्रोत मौजूद रहे हैं जिसके चलते 3 दशक व 4 दशक के मध्य में कभी किसी तरह के जल संकट का सामना रायपुर वासियों को नहीं पड़ा। लेकिन अब कुछ बचे तालाबों में भी वजूद भू माफियाओं की गिद्ध दृष्टि पड़ी हुई है।कुछ भू माफियाओं ने तो इन तालाबों को पाटकर आलीशान कालोनिया का झंडा गड़ाकर प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों से मिलीभगत कर इस भूमि को बेचकर मालामाल हो गए।इनमें है कुछ तालाब है जो इस्तेमाल के लायक नहीं रह गए हैं इन पर भी इन भू माफियाओं की गिद्ध दृष्टि पड़ी हुई है।वह भी इस्तेमाल कुल मिलाकर तालाबों का वजूद खत्म होते जा रहा है। तलाब की जगह कंक्रीट के बड़े-बड़े जंगल उग रहे हैं तलाब पट रही है बढ़ती जनसंख्या के कारण लोग अब तालाब में निस्तारिकरन करने की कोई गुंजाइश नहीं है। लेकिन वही एक ऐसा वर्ग है जो कि तालाब पर आश्रित है।इसका ताजातरीन उदाहरण राजधानी से लगे ग्रामीण क्षेत्रों में देखा जा सकता है जैसे जरवाएं , गुमा,टाटीबंध ,सरोना , रायपुरा, चंगोरनभाटा, के साथ कई रायपुर नगर निगम के ग्रामीण क्षेत्रों के अंतर्गत आने वाले कई तालाबों में संकट के बादल मंडरा रहे हैं। आज भी वहां के निवासी अपनी दैनिक क्रिया के लिए तालाब पर ही आश्रित है स्मार्ट सिटी का दंभ भरने वाली स्मार्ट सिटी प्रशासन निगम प्रशासन इन तालाबों का जीर्णोद्धार करने के लिए आंखें मुंदी पड़ी है। हालांकि कुछ तालाबों वह लेकिन वहीं कुछ तालाब उपेक्षित पड़े हैं, हालांकि है कि ऐसा महसूस होता है कि कुछ दिनों में यह तालाब सिर्फ नाम करा जाएगा और इतिहास के पन्नों में दफन होकर रह जाएगा। जैसे राजबंधा तालाब राजा तालाब सहित 100 से 200 तालाबों का वजूद मिट चुका है , अब मिटने के कगार पर बचा है तो संत रविदास वार्ड क्रमांक 70 स्थित सरोना में कुल 5 तालाब जिसमें शीतला तालाब ,बस्ती तालाब, डबरी तालाब यह आम जनता की सुविधा बुजुर्गों ने निर्माण कराया था वही 500 साल पूर्व सरोना तालाब स्वर्गीय गुलाब ठाकुर के वंशजों की निजी संपत्ति है। परिवारों की निजी संपत्ति है, जो उसके वंशजों ने धरोहर के रूप में सहेज कर रखा है। डबरी तालाब और शीतला तालाब की हालत यह है कि पानी बदबू मारने लगी है ,और जगह-जगह गाजर घास उग गए हैं। ग्राम वासियों द्वारा घरों में पूजन किए गए हवन सामग्री का भी विसर्जन किस तालाब में किया जाता है। जनप्रतिनिधि की अनदेखी के चलते इस तालाब का भी वजूद खतरे में पड़ने लगा है ।यहां सौंदर्य करण के नाम पर महज गाजर घास को देखा जा सकता है वही तालाब के भीतर सड़ रहे घासो के कारण इस तालाब में नहाने वालों को विभिन्न प्रकार के चर्म रोगों से ग्रसित होना पड़ रहा है। निगम प्रशासन की अनदेखी के चलते हालात बिगड़ते जा रहे हैं जबकि तालाबों के गहरीकरण के लिए निगम में हर साल करोड़ों रुपए का बजट आता है ।लेकिन यह बजट सिर्फ कागजों में दफन होकर रह जाता है, कागजों में सफाई अभियान करवा दिया जाता है ।बाकी बजट कहां जाता है यह तो निगम के प्रशासनिक अधिकारी निगम में बैठे जनप्रतिनिधि जाने इस विषय वस्तु को लेकर हमारे संवाददाता ने महापौर एजाज ढेबर से बात की तो उन्होंने कहा कि

### बाकी तालाबों का जीर्णोद्धार कराया जाएगा



तालाबों के जीर्णोद्धार करने के लिए हमारे पास पर्याप्त बजट है निविदाएं भी बुलाई जाएगी और जल्द ही राजधानी के वार्ड 2 के अंतर्गत आने वाले तालाबों का जीर्णोद्धार का कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

**एजाज ढेबर**
महापौर नगर निगम रायपुर

### मैं 3 वर्ष पहले ही सूचना दे चुका हूं इन तालाबों के बारे में

संत रविदास वार्ड क्रमांक 70 के पार्षद राजेश ठाकुर ने बताया कि इन तालाबों के गहरीकरण में पचरी निर्माण तथा सौंदर्यीकरण के लिए मैंने जोन क्रमांक 8 में 3 वर्ष पूर्व भी आवेदन दे चुका हूं लेकिन नगर निगम में विपक्ष में होने के कारण महापौर किसी की नहीं सुनते इसकी प्रतिलिपि मेरे पास आज भी सुरक्षित है

**राजेश सिंह ठाकुर**
पार्षद संत रविदास वार्ड क्रमांक 70

# बोरिया कला के जर्जर पड़े कॉलोनी अड्डेबाजों का बना अड्डा

» निगम प्रशासन मौन पुलिस प्रशासन खामोश





-दुलारे अंसारी-
रायपुर,28 मार्च 2023

(घटती घटना)। एक दशक पूर्व तेलीबांधा सरोवर के सौंदर्यीकरण के नाम पर तत्कालीन निगम प्रशासन ने तेलीबांधा सुभाष नगर के झुग्गी बस्तियों को खाली कर वहां सिर्फ से 10 किलोमीटर दूर आरडीए द्वारा निर्माण किए गए बोरियाकला में इन्हें व्यवस्थापित किया गया था। लेकिन तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पास बी एस यू पी कॉलोनी का निर्माण किए जाने के बाद उन्हें वहां से हटाकर बीएसयूपी कॉलोनी में पून व्यवस्थापित कर दिया।लेकिन बोरियाकला के बने मकानों की कोई सुध नहीं ली ,फल स्वरूप निगम प्रशासन की निष्क्रियता के चलते बोरियाकला के मकान खंडहरों में तब्दील हो गए ।हम यहां पर यह बता देना चाहते हैं कि सुभाष नगर से गए अनुसूचित जाति व जनजाति तथा उड़िया बस्ती के लोग अपराधिक गतिविधियों में संलग्न होने के कारण आसपास के लोगों का जीना मुहाल कर दिया था । पिछले दिनों मोहन दुर्गा नामक दुर्दांत अपराधी ने एक बार जाति की महिला की हत्या कर उसकी लाश टंकी में डाल दी थी जोकि यह घटना अखबारों की सुर्खियों में रहा ।जैसे ही बोरियाकला केआरडीए कॉलोनी को निगम प्रशासन ने खाली करवा कर इन्हें मरीन ड्राइव में बने मकानों में शिफ्ट किया उसके बाद से ही यहां अड्डे बाजो व वेश्यावृत्ति का एक छत्र राज्य हो गय यही नहीं वहां के मकानों की हालात यह है कि वहां पर चोरों ने धावा बोलकर वहां की खिड़कियां व दरवाजे तक निकाल लिए । बावजूद इसके निगम प्रशासन ने करोड़ों रुपए के बनाए गए मकान की कोई सुध नहीं ली। और यह विरान कॉलोनी अपराधियों का एक तरह से पनाहगाह बन गया तस्वीरों पर नजर डालने से इस बात का अंदाजा लगाया जा सकता है ,कि वह वह खाली शराब की बोतलें वह गर्भनिरोधक वस्तु इस बात का प्रमाण देते नजर आते है ।कि वहां आज भी धड़ल्ले से अपराधियों व वेश्यावृत्ति करने वालों का एक पनाहगाह बन चुका है ।साथ ही पुलिस पेट्रोलिंग की निष्क्रियता भी सामने आती है। इन मकानों में अब सुवरो व आवारा मवेशियों का कब्जा हो चुका है बार-बार निगम प्रशासन को ध्यान दिलाने के बावजूद भी निगम के अधिकारी व जनप्रतिनिधि इसकी कोई सुधि नहीं ले रहे हैं । सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पिछले दिनों कुछ अपराधिक तत्वों ने एक लड़के का अपहरण कर जमकर पिटाई की थी ।लेकिन इस बात की पीड़ित लड़के के परिवार वालों ने किसी तरह पुलिस में शिकायत नहीं कर आपसी सामाजिक समझौते कर लिए थे ।ऐसे ही आसपास के ग्रामों के किसानों के मवेशी मरने पर अपने खेतों में उन मवेशियोंके शव को फेंक देते हैं जिसके कारण उन मवेशियों के छिन्न-भिन्न अंग को वहां के आवारा कुत्ते नोच नोच कर खा कर आरडीए के इन बदहाल मकानों में हड्डियों के ढांचे बीखरे देखे जा सकते हैं।हमारे संवाददाता ने जब वहां जाकर आरडीए कॉलोनियों के रखरखाव करने वाले एक अधिकारी से पूछताछ किए जाने पर उन्होंने बताया कि यह मकान अब आरडीए ने निगम प्रशासन को सुपुर्द कर दिया है। अब आगे की जिम्मेदारी निगम प्रशासन की है ।वही निगम के आला अधिकारी राजेश शर्मा जी से चर्चा करने पर उन्होंने कहा कि हमें इस तरह से कोई शिकायत अभी तक नहीं मिली है मिलने पर कार्यवाही की जाएगी लेकिन इन खंडहर मकानों के रखरखाव करने के सवाल पर उन्होंने नो कॉमेंट्स कहकर चुप्पी साध लिया। साथ ही बोरीयां कला संबंधित मुजगहन थाना क्षेत्र के थाना प्रभारी ने इस बात को लेकर किसी तरह किसी के द्वारा कोई शिकायत नहीं किए जाने की बात कही, किंतु हमारे द्वारा बताए जाने पर उन्होंने कहा कि अब वहां पर पेट्रोलिंग गस्त की जाएगी सबसे बड़ी बात यह है कि शहर में बढ़ रहे निरंतर अपराध नशाखोरी हुआ मारपीट की घटनाएं दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। वही सुनसान इलाकों में अपराधियों द्वारा जुए का फड़ लगाया जाना अपराधिक गतिविधियों को संचालन किया जाना पुलिस के लिए सिरदर्द साबित हो रहा है। अब देखना यह है कि निगम प्रशासन बोरियाकला में बने करोड़ों रुपए के निर्माण किए गए इस कालोनियों का जीर्णोद्धार कब करवाती है,? वह पुलिस प्रशासन इन अड्डे बाजो की शरण स्थली में कब धावा बोलकर इन पर अंकुश लगाती है?

# छत्तीसगढ़ के श्रमिकों के लिए बड़ी खबर

## न्यूनतम वेतन की नई दरें निर्धारित

रायपुर,28 मार्च 2023 (ए)। श्रमायुक्त छत्तीसगढ़ द्वारा लेबर ब्यूरो शिमला द्वारा जारी उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के आधार पर विभिन्न अनुसूचित नियोजनों में कार्यरत श्रमिको के लिए एक अप्रैल 2023 से 30 सितम्बर 2023 तक के लिए न्यूनतम वेतन दरें निर्धारित की गई है। यह दरें 45 अनुसूचित, सामान्य नियोजन के लिए प्रतिदिन 20 रूपए और प्रतिमाह 260 रूपए की वृद्धि की गई है। कृषि नियोजन में कार्य श्रमिको के लिए 225 रूपए प्रतिमाह की वृद्धि की गई है। इसी तरह से अगरबत्ती उद्योग में नियोजित श्रमिकों के लिए प्रति एक हजार अगरबत्ती के लिए 5 रूपए 85 पैसे की वृद्धि की गइ है।



न्यूनतम वेतन की निर्धारित दरों के लागू होने पर अब अकुशल श्रमिक जोन 'अ' के लिए 10 हजार 480 रूपए, जोन 'ब' के लिए 10 हजार 200 रूपए और जोन 'स' के लिए 9 हजार 960 रूपए प्रतिमाह न्यूनतम वेतन निर्धारित किया गया है। इसी तरह से अर्द्धकुशल श्रमिको को जोन 'अ' के लिए 11 हजार 130 रूपए, जोन 'ब' के लिए 10 हजार 870 और 'स' के लिए 10 हजार 610 रूपए प्रतिमाह न्यूनतम देय होगा। इसी तरह से कुशल श्रमिको जोन 'अ' के लिए 11 हजार 910 रूपए, 'ब' के लिए 11 हजार 650 रूपए और जोन 'स' के लिए 11 हजार 390 न्यूनतम वेतन देय होगा। उच्च कुशल श्रमिको को जोन 'अ' के लिए 12 हजार 990 रूपए, 'ब' के लिए 12 हजार 430 रूपए और जोन 'स' के लिए 12 हजार 170 रूपए प्रतिमाह न्यूनतम वेतन मिलेगा।

कृषि श्रमिको के लिए निर्धारित न्यूनतम वेतन अकुशल कृषि श्रमिको के लिए 8 हजार 400 रूपए प्रतिमाह दिया जाएगा। इसी प्रकार से अगरबत्ती निर्माण श्रमिकों के लिए अगरबत्ती रोलर्स में एक हजार अगरबत्ती बनाने पर 32 रूपए 81 पैसे और सुगंधित सेंटेड अगरबत्ती बनाने पर 33 रूपए 51 पैसे देय होगा। श्रमायुक्त ने बताया है कि एक अप्रैल से प्रभावशील यह न्यूनतम वेतन दरें श्रम विभाग छत्तीसगढ़ शासन की वेबसाईट एचटीटीपीए//सीजीलेबर.एनआईसी.आईएन/ पद पर भी उपलब्ध है। साथ ही श्रमायुक्त कार्यालय इंद्रावती भवन खण्ड तीन, द्वितीय तल नवा रायपुर से भी सम्पर्क कर जानकारी ली जा सकती है।

# वैश्य वर्ल्ड फाउंडेशन की प्रदेश कार्यकारिणी घोषित

» कन्हैया अध्यक्ष, वर्षा महिला अध्यक्ष, अशोक युवा अध्यक्ष

» निकेश बरडिया को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी

-दुलारे अंसारी-

रायपुर,28 मार्च 2023 (घटती घटना)। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री यशपाल गुप्ता की अनुमति से वैश्य वर्ल्ड फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष कन्हैया अग्रवाल ने प्रदेश कार्यारिणी घोषित की । फाउंडेशन में महिला प्रदेश अध्यक्ष का दायित्व श्रीमती वर्षा अग्रवाल (राजनांदगांव) को दिया गया एवं युवा प्रदेश अध्यक्ष अशोक गोयल अंबिकापुर को नियुक्त किया गया ।

वैश्य वर्ल्ड फाउंडेशन में श्री जयसिंह अग्रवाल, श्री, रामजीलाल अग्रवाल, श्री सियाराम अग्रवाल, श्री सुरेश गोयल, श्री अरूण सिंघानिया, श्री शिवराज भंसाली, श्री विजय गुप्ता, श्री गिरधर गुप्ता श्री धनेन्द्र साहू, श्री चतुर्भुज अग्रवाल, श्री ओमी बगड़िया, श्री बी. एल. जैन, श्री विजय दानी, श्री डमरूधर अग्रवाल, श्री स्वरूपचंद जैन, श्रीकिशन खण्डेलवाल, श्री जानकीप्रसाद गुप्ता, श्री विजय दमानी संरक्षक, श्री आनंद चोपकर, श्री सुभाष अग्रवाल खरसिया, श्री हरिवल्लभ अग्रवाल प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में अपनी सेवाएं देंगे ।

प्रमुख सलाहकार के रूप में डॉ. अमर अग्रवाल, डॉ. कमलेश्वर अग्रवाल, महावीर गुप्ता, राजेन्द्र साहू दुर्ग, कमल भंसाली, केदार गुप्ता, जे. पी. श्रीवास्तव अंबिकापुर, खिलावन साहू सक्ती, श्यामसुंदर अग्रवाल, लोकेश कावड़िया, सुभाष अग्रवाल को आमंत्रित किया गया है । गोल्डी जैन, राधेश्याम साहू, शंकरलाल वैश्य, अशोक गुप्ता, श्रीमती शीला प्रजापति, जितेन्द्र गोलछा (सराफा), प्रेम सिंघानिया, मदन तालेड़ा, नारायण भूषणिया, प्रकाश पगारिया, संजय कानूगा, अरविंद अवस्थी, नवरतन माहेश्वरी, संजय गर्ग दुर्ग, दामोदर भूतड़ा, श्रीमती शशि बागड़ी, दीपक श्रीवास्तव, राकेश केशरवानी, गौतम लूंकड़, नवीन गुप्ता, अशोक शिवहरे, राजेन्द्र पारख, जितेन्द्र दोषी को प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है ।

निकेश बरड़िया प्रदेश कोषाध्यक्ष एवं जितेंद्र गोलछा को सह-कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है ।

फाउंडेशन में ऋषि गुप्ता को महामंत्री कार्यालय ,सुरेश बाफना (संगठन), अनिल गुप्ता, हरीश बंसल, श्रीमती साधना दुग्गड़, लक्ष्मीनारायण लाहोटी, हेमंत साह कुरूद, श्रीमती तुलसी साहू भिलाई , संतोष बाघमार, राजेन्द्र जैन कोरबा, कैलाश सोनी बलौदाबाजार, अजय अग्रवाल, अमर सुल्तानिया जांजगीर, कन्हैया गोयल (सक्ती), गौतम लूनिया, पवन अग्रवाल पत्थलगांव, बजरंग खण्डेलवाल, मनोज गोयल बागबाहरा, मिनेष खंडेलवाल राजनांदगांव, नितेश अग्रवाल, राजेश अग्रवाल



को प्रदेश महामंत्री के पद पर नियुक्त किये गये । वहीं सतीश सोहाने, आर. पी. मिश्रा, प्रकाश लड्डा, मनमोहन अग्रवाल डोंगरगढ़ , विष्णु चरण गुप्ता, संजय सोनी, कृष्णकुमार अवधिया, अनिल कश्यप, मनीष चैधरी, उमेश गुप्ता, चिंतामणि साहू, गुड्डू साहू, श्रीमती कविता साहू जगदलपुर, पंकज साहू महासमुंद, संतोष साहू, ओमप्रकाश गुप्ता, पंकज गुप्ता, श्रीमती शोभा सोनी, संजय श्रीवास्तव, कमलेश नथवानी, हितेश टांक, सुनील जिंदल बाराद्वार, प्रकाश अग्रवाल चांपा, आनंद सिंघानिया बाबा, श्रीमती अपर्णा संचेती, लोकेश चन्द्रकांत जैन, रूपेश गोयल बागबाहरा, महेन्द्र सुराना राजनांदगांव, हेमंत चोपड़ा डोंगरगांव को प्रदेश सचिव का दायित्व प्रदान किया गया साथ ही मनीष सिंघानिया, श्रीमती किरण पटेल, श्रीमती लीला प्रजापति, डॉ. आर. पी. गुप्ता को संगठन मंत्री बनाया गया है ।

विधि सलाहकार के रूप में सुमीत बजाज, डी आर अग्रवाल, प्रजय गावलरे सी.ए., गणपत गुप्ता, लक्ष्मी यादव, कुंदन लाल गुप्ता, चिकित्सा सलाहकार के रूप में डॉ. निधि गावलरे, डॉ. भारवी, डॉ. प्रकाश भागवत, डॉ. विवेक केशरवानी, डॉ. प्रवस चैधरी, डॉ. मुकेश केशरवानी, डॉ. अनुराधा चैधरी, चिकित्सा प्रतिनिधि के रूप में अरिहंत जैन, नारायण गुप्ता, आयकर प्रतिनिधि के रूप में संतोष लूंकड़, नरसिंह अग्रवाल नियुक्त किये गए ।

रमेश संघी, श्रीमती निधि गुप्ता, ऋषिराज सिंघानिया सदस्यता प्रभारी, श्रीमती अंजलि वैश्य जैन, श्रीमती पूजा अग्रवाल सूचना प्रभारी, आनंद बेरीवाल लेखा प्रभारी, लखन लाल बानी कार्यालय प्रभारी शैलेष श्रीवास्तव, मनोज साहू, बृजनारायण साहू, नागेन्द्र वर्मा मीडिया प्रभारी के पद पर नियुक्त किया गया ।

मयंक गुप्ता, पीरदान राठी, श्रीमती उषा सुहाने, श्रीमती कविता केशरवानी, श्रीमती वियोगिनी गुप्ता संयुक्त सचिव, श्रेयांश गुमास्ता, जयप्रकाश संघी, श्रीमती बॉबी जैन, श्रीमती सुनीता टिकरिहा, श्रीमती नीलिमा जैन, श्रीमती पार्वती साहू, श्रीमती रीना गायकवाड़ सह-सचिव, मोहन खंडेलवाल, अभिषेक गुप्ता, विनोद सांखला, श्रीमती रेखा केशरवानी, श्रीमती कविता अग्रवाल, श्रीमती अंजू गुप्ता प्रचार मंत्री बनाए गए ।

राजकुमार गुप्ता, शरद गुप्ता, मनोज बोथरा, विकास जैन, प्रवीण जैन दल्ली-राजहरा, मनोज पाल, श्याम नारायण अग्रवाल, राजेश अर्ग्रवाल, राजेश चैरसिया, राजेश अग्रवाल, कैलाश रारा, मुक्तेश अग्रवाल, अजय गुप्ता, अरिहंत जैन, प्रतीक अग्रवाल, मयंक गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, नवल अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, अभय माहेश्वरी, प्रकाश सांखला, घनश्याम अग्रवाल, कमल किशोर अग्रवाल, आकाश गोयल, अमित अग्रवाल, अनिल कश्यप को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया ।

जिला ईकाई में डॉ. नीरज अग्रवाल रायपुर, मुकेश राठी दुर्ग, सुनील जैन कोरबा, मनोहर लूनिया बस्तर, अमरलाल अग्रवाल सक्ती, नरेश अग्रवाल रायगढ़, महेन्द्र अग्रवाल सारंगढ़, प्रशांत गांधी भाटापारा, अजय अग्रवाल बालोद, दिनेश राठी धमतरी, श्रीमती मधु बैद (पार्षद) राजनांदगांव, सुरेश अग्रवाल कोतबा वाले को जशपुर का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है ।

## महिला के साथ मारपीट करने वाला आरोपी निरीक्षक हुआ गिरफ्तार

रायपुर,28 मार्च 2023 (ए)। वर्दी को शर्मसार करने वाले निरीक्षक को गिरफ्तार कर लिया गया है. आरोपी निरीक्षक राकेश चौबे ने जबरदस्ती महिला हॉस्टल में घुसा मारपीट की थी। आरोपी के खिलाफ अजाक थाने में मामला दर्ज कर उसको गिरफ्तार कर लिया गया है. आरोपी निरीक्षक यातायात मुख्यालय में पदस्थ था ।मामला देवेंद्र नगर थाने क्षेत्र का है। जहां ट्रैफिक मुख्यालय रायपुर में पदस्थ



निरीक्षक राकेश चौबे देवेन्द्र नगर स्थित लेडीज हॉस्टल पहुंचा। वहां अंबिकापुर निवासी आदिवासी महिला से मारपीट की। निरीक्षक शराब के नशे में चूर था। ये पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। घटना की रिपोर्ट गंज थाने में की गई थी साथ ही अजाक थाने में भी महिला ने शिकायत की थी. मंगलवार को आरोपी राजेश चौबे को गिरफ्तार कर लिया गया

## आईईडी विस्फोट से बीएसएफ के 2 जवान घायल

कांकेर ,28 मार्च 2023 (ए)। जिले के कोयलीबेड़ा ब्लॉक अंतर्गत चिलपरस के पास सर्चिंग पर निकले बीएसएफ के दो जवान सुशील कुमार और छोटूराम आईईडी की चपेट में आने से घायल हो गए हैं। घायल जवानों को उपचार के लिए कोयलीबेड़ा अस्पताल लाया गया, जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद हेलीकॉप्टर से रायपुर रेफर कर दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार बीएसएफ के जवान मंगलवार की सुबह 08 बजे सर्चिंग में रवाना हुए थे, चिलपरस के पास नक्सलियों ने आईईडी लगा रखा था, जिसकी चपेट में आने से 02 जवान घायल हो गये।कांकेर एसपी शलभ कुमार सिन्हा ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि बीएसएफ के जवान सर्चिंग में निकले हुए थे, इसी दौरान चिलपरस के पास बीएसएफ के 02 जवान इसकी चपेट में आ गए।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा साईं ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)